



दैनिक शुभ भास्कर


हर कदम आपके साथ...

E pepar www.Dainik shubh bhaskar, com

झांसी उत्तर प्रदेश, उदयापुर, राजस्थान मध्यप्रदेश, भोपाल, बिहार, दरभंगा पटना, भागलपुर, सिलीगुड़ी, रांची, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

● वर्ष : 1 ● अंक : 88 ● नई दिल्ली, सोमवार, 03 जुलाई 2023 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य:- 04 रूपये

RNIUP HIN/2015/64737




## खास ख़बर

### कांग्रेस ने भाजपा विधायक के भारत का गलत नक्शा दिखाए जाने पर निंदा की


**जयपुर।** राजस्थान कांग्रेस ने भाजपा के पूर्व विधायक कैलाश वर्मा के उस वीडियो बयान की निंदा की है जिसमें उन्होंने कथित तौर पर भारत का गलत नक्शा दिखाया था। कांग्रेस प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने एक बयान में कहा कि भाजपा नेता ने नक्शे में जम्मू-कश्मीर और लद्दाख को नहीं दिखाया, जो देश का अभिन्न अंग हैं। उन्होंने कहा इसे न दिखाकर भारतीय जनता पार्टी के नेता ने वही किया है जो भारत विरोधी ताकतें लंबे समय से करती आ रही हैं। चतुर्वेदी ने कहा कि एक ओर जहां भाजपा जम्मू-कश्मीर को लेकर बड़े-बड़े राजनीतिक दावे करती है, वहीं दूसरी ओर भाजपा नेता ने जम्मू-कश्मीर को देश का हिस्सा नहीं माना है।

### वाइस चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ ने लद्दाख का दौरा किया

**लेह।** वाइस चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ (वीसीओएएस) लेफ्टिनेंट जनरल एम. वी. सुचिंद्र कुमार ने केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में विभिन्न अग्रिम क्षेत्रों का दौरा किया और दुर्गम पर्वतीय क्षेत्र में तैनात सैनिकों के साथ बातचीत की। सेना ने रविवार को यह जानकारी दी। सेना ने कहा कि लेफ्टिनेंट जनरल कुमार को लेह स्थित फायर एंड फ्यूरी कोर में संचालनगत और साजो सामान के पहलुओं से भी अवगत कराया गया। भारतीय सेना के अतिरिक्त लोक सूचना महानिदेशालय (एडीजीपीआई) द्वारा जारी सूचना के अनुसार वीसीओएएस ने लेह और लद्दाख के अग्रिम क्षेत्रों का दौरा किया, जहां उन्होंने इस दुर्गम पर्वतीय क्षेत्र में तैनात सैनिकों से बात की।
एडीजीपीआई ने कहा कि लेफ्टिनेंट जनरल कुमार ने सैनिकों की निष्ठा एवं पेशेवर अंदाज की प्रशंसा की और उन्हें फायर एंड फ्यूरी कोर के मुख्यालय में संचालनगत एवं साजो सामान से जुड़े पहलुओं की जानकारी दी गई।

### उपराष्ट्रपति मंगलवार को असम के दौरे पर

**गुवाहाटी।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ मंगलवार को असम के एक दिवसीय दौरे पर रहेंगे। यह जानकारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति से मिली। धनखड़ अपने इस दौरे के दौरान आईआईटी, गुवाहाटी भी जाएंगे।विज्ञप्ति में कहा गया है, भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ 4 जुलाई, 2023 को असम का दौरा करेंगे, जिस दौरान वह आईआईटी गुवाहाटी के 25वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि होंगे।



# विकास के लिए शिंदे सरकार में शामिल हुए, राकांपा में कोई विभाजन नहीं : अजित पवार

**एजेंसी/ मुंबई**

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के कुछ घंटे बाद राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता अजित पवार ने रविवार को कहा कि उनकी पार्टी ने देश के विकास के लिए एकनाथ शिंदे नीत सरकार का हिस्सा बनने का फैसला किया। अजित पवार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की भी सराहना की। उन्होंने राकांपा में किसी भी तरह के विभाजन से इनकार करते हुए कहा कि वह भविष्य के सभी चुनाव राकांपा के चुनाव चिह्न पर लड़ेंगे।अजित पवार ने कहा कि (पार्टी के) सभी निर्वाचित प्रतिनिधियों ने शिंदे सरकार में शामिल होने के फैसले का समर्थन किया है।भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ सत्ता साझा करने के अपने फैसले का बचाव करते हुए उन्होंने कहा, अगर हम शिवसेना के साथ जा सकते हैं, तो हम भाजपा के साथ भी जा सकते हैं। नगालैंड में भी यही हुआ।
वर्ष 2019 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के बाद शिवसेना (अविभाजित) ने महा विकास आघाडी (एमवीए) सरकार बनाने के लिए राकांपा और कांग्रेस से हाथ मिलाया था। बाद में शिंदे की बगावत के चलते पिछले साल जून में उद्धव ठाकरे नीत एमवीए सरकार गिर गई थी। अजित पवार ने कहा, सभी (राकांपा) विधायक हमारे साथ हैं और उन्होंने शीर्ष नेतृत्व को भी सूचित कर दिया है। लोकतंत्र में बहुमत की राय का सम्मान किया जाना चाहिए।
शिंदे के नेतृत्व वाली सरकार में शामिल होने के कदम पर राकांपा प्रमुख शरद पवार की टिप्पणी के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि नए नेतृत्व को आगे आना चाहिए।



अजित पवार ने कहा, पार्टी के सभी विधायक, सांसद और कार्यकर्ता हमारे साथ हैं। हमने सभी निर्वाचित प्रतिनिधियों को अपने निर्णय से अवगत करा दिया है। उनमें से कुछ राज्य से बाहर हैं, जबकि कुछ विदेश गए हुए हैं। इनमें से ज्यादातर आज शाम तक मुंबई पहुंच जाएंगे। उन्होंने कहा, समग्र और व्यापक विकास को ध्यान में रखते हुए फैसला किया गया है। हमारे पास प्रशासन का व्यापक अनुभव है, हम बेहतर काम करने के लिए इसका इस्तेमाल कर सकते हैं। अजित पवार ने कहा, मंत्रियों के विभागों की घोषणा कुछ दिनों में की जाएगी और हम तुरंत इस पर काम करना शुरू करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी को लेकर उन्होंने कहा कि 1984 के बाद ऐसा पहली बार हुआ है कि किसी नेता को इतनी लोकप्रियता मिली है और उसके नेतृत्व को व्यापक तौर पर स्वीकार किया गया है। अजित पवार ने आरोप लगाया, मुझे एक विपक्षी दल दिखाइए, जो देश के बारे में सोच रहा हो और उसके अनुसार काम कर रहा हो।

### अजित चार साल में तीसरी बार उपमुख्यमंत्री बने

राकांपा के नेता अजित पवार एक बड़े राजनीतिक घटनाक्रम के तहत फिर से महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री बन गए हैं। वह पिछले चार वर्ष में तीसरी बार राज्य के उपमुख्यमंत्री पद पर काबिज हुए हैं। अजित वर्ष 2019 में भाजपा की सरकार में कुछ घंटों के लिए उपमुख्यमंत्री रहे थे। उन्होंने उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली राज्य की पिछली एमवीए सरकार में भी उपमुख्यमंत्री पद संभाला था। महाराष्ट्र में एमवीए सरकार नवंबर 2019 से जून 2022 तक सत्ता में थी। अजित (63) की छवि एक जमीनी स्तर के नेता और सक्षम प्रशासक की रही है। वह राजनीतिक रूप से महत्वाकांक्षी और अपने मन की बात सामने रखने के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने 2019 के बाद से तीसरी बार रविवार को शपथ ली।

### ये शिंदे के मुख्यमंत्री पद खोने की शुरुआत है : संजय राउत

शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के नेता संजय राउत ने रविवार को कहा कि महाराष्ट्र सरकार में राकांपा नेता अजित पवार को उपमुख्यमंत्री के रूप में शामिल करना एकनाथ शिंदे के मुख्यमंत्री पद खोने की प्रक्रिया की शुरुआत है। मुंबई में पत्रकारों से बातचीत में राउत ने दावा किया कि महाराष्ट्र को जल्द ही एक नया मुख्यमंत्री मिलेगा। एक बड़े राजनीतिक घटनाक्रम के तहत राकांपा के वरिष्ठ नेता अजित पवार ने रविवार को एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र सरकार में उपमुख्यमंत्री पद की, जबकि पार्टी के आठ अन्य नेताओं ने मंत्री पद की शपथ ली। राउत ने कहा, यह (शपथ ग्रहण समारोह) एकनाथ शिंदे के मुख्यमंत्री पद खोने की शुरुआत है।

### पार्टी लाइन का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ निर्णय लेना होगाः शरद पवार

**पुणे।** महाराष्ट्र की एकनाथ शिंदे नीत सरकार में शामिल होने पर अजित पवार समेत अन्य नेताओं के खिलाफ कार्वाई का संकेत देते हुए राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) प्रमुख शरद पवार ने रविवार को कहा कि पार्टी लाइन का उल्लंघन कर शिंदे सरकार में शामिल होने वालों पर फैसला लेना होगा। अजित पवार ने रविवार को एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र सरकार में उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली, जबकि राकांपा के आठ अन्य विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली। इस घटनाक्रम के बाद उनका प्रयास राज्य और देश के भीतर जितना संभव हो सके यात्रा करना और लोगों के साथ संबंध बनाना होगा। राकांपा प्रमुख ने कहा कि वह पार्टी का नाम लेकर किसी के कुछ भी कहने पर झगड़ा नहीं करेंगे, बल्कि जनता के बीच जाएंगे। उन्होंने कहा, जिन लोगों ने पार्टी लाइन का उल्लंघन कर शपथ ली, उन पर फैसला लेना होगा। अजित पवार, छगन भुजबल, दिलीप वाल्से पाटिल और हसन मुशरिफ का नाम लेते हुए शरद पवार ने कहा कि पार्टी के कुछ नेता प्रवर्तन निदेशालय की जांच से घबराए हुए थे।

## महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री ने सरकार गिरने के कयासों का मखौल उड़ाया

### पहले ही दिन से विपक्षी पार्टियां राज्य सरकार के गिरने का पूर्वानुमान लगा रही हैं : शिंदे



**एजेंसी/ मुंबई**

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने रविवार को उन लोगों का मखौल उड़ाया जो नियमित तौर पर उनकी सरकार के गिरने की भविष्यवाणी करते रहते हैं और आश्चर्य जताते हुए कहा कि आखिर वे किस ज्योतिषी की सलाह लेते हैं। शिंदे का यह बयान राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) नेता अजित पवार के आठ अन्य विधायकों के साथ सरकार में शामिल होने के बाद आया है। पवार ने राकांपा के रुख से अलग जाते हुए शिवसेना-भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) गठबंधन सरकार में उप मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। मुख्यमंत्री ने कहा, पहले ही दिन से विपक्षी पार्टियां राज्य सरकार के गिरने का पूर्वानुमान लगा रही हैं। अब वे बहुत हताश हो गए हैं। मुझे सोच कर ताज्जुब होता है कि उन्हें कौन सा ज्योतिषी ऐसी सलाह दे रहा है। शिंदे यहां नगर निकाय के कार्यक्रम में बोल रहे थे जहां पर उन्हें अपराह्न दो बजे पहुंचना था लेकिन वह शाम छह बजे पहुंच सके। उन्होंने दिन में हुए राजनीतिक घटनाक्रम के संदर्भ में कहा, मैं देरी से आया क्योंकि ऑपरेशन में व्यस्त था।
शिवसेना नेता ने कहा कि अजित पवार और उनकी टीम सरकार में शामिल हुई क्योंकि वे राज्य सरकार के कामकाज से प्रभावित हैं और उनके शामिल होने से सरकार को और मजबूती मिलेगी। शिंदे ने नगर निकाय के कई कार्यों का उद्घाटन किया और आगामी कई परियोजनाओं की आधारशिला रखी। उन्होंने कहा कि नगर निकायों को धन मुहैया कराई जाएगा जिनमें मीरा-भायंदर एक है जो ठाणे और मुंबई के बीच सेतु की तरह है।

## मणिपुर हिंसा में तीन लोगों की मौत, पांच घायल

**एजेंसी/ इंफाल**

मणिपुर के बिष्णुपुर जिले में अज्ञात बंदूकधारियों के साथ गोलीबारी में कम से कम तीन ग्राम स्वयंसेवक मारे गए और पांच अन्य घायल हो गए। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि खोइजुमंताबी गांव में शनिवार देर रात को यह घटना हुई, जब ग्राम स्वयंसेवक अस्थाई बंकर से इलाके की रखवाली कर रहे थे। शुरुआत में दो शव बरामद किए गए और बाद में एक और शव मिला।
पुलिस ने बताया कि गोलीबारी कई घंटे चली, जिसमें पांच लोग घायल भी हुए। पुलिस ने बताया कि इनमें से गंभीर रूप से घायल कुछ लोगों को इंफाल के अस्पताल ले जाया गया।मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह स्थिति का जायजा लेने के लिए घटनास्थल पहुंचे और स्थानीय लोगों से बात की।पूर्वोत्तर के राज्य में मेइती और कुकी समुदायों के बीच जातीय हिंसा में अब तक 100 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है।
मेइती समुदाय को अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा दिए जाने की मांग के विरोध में तीन मई को पर्वतीय जिलों में आदिवासी एकजुटता मार्च आयोजित किए जाने के बाद मणिपुर में हिंसा भड़क उठी थी। मणिपुर की 53 प्रतिशत आबादी मेइती समुदाय की है और यह मुख्य रूप से इंफाल घाटी में रहती है। वहीं, नगा और कुकी जैसे आदिवासी समुदायों की आबादी 40 प्रतिशत है और यह मुख्यतः पर्वतीय जिलों में रहती है।

### कुकी समूहों ने मणिपुर में एनएच–दो पर दो महीने से जारी नाकेबंदी हटाने का फैसला किया

**गुवाहाटी।** मणिपुर के दो उग्रवादी संगठनों ने रविवार को कहा कि उन्होंने महत्वपूर्ण राष्ट्रीय राजमार्ग–दो पर कांगपोक्पी जिले में दो महीने से जारी नाकेबंदी हटा ली है। यूनाइटेड पीपुल्स फ्रंट (यूपीएफ) और कुकी नेशनल ऑर्गनाइजेशन (केएनओ) ने एक संयुक्त बयान जारी करते हुए कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा शांति और सद्भाव बहाल करने का आह्वान किए जाने के बाद तत्काल प्रभाव से नाकेबंदी हटा ली गई है।
हालांकि, कुकी नागरिक समाज समूह कमेटी ऑन ट्राइबल यूनिटी (सीओटीयू) ने अभी तक आधिकारिक तौर पर आंदोलन वापस नहीं लिया है। सीओटीयू ने ही दो महीने पहले राष्ट्रीय राजमार्ग–2 को अवरुद्ध करने की घोषणा की थी। मणिपुर में दो राष्ट्रीय राजमार्ग हैं –एनएच–2 (इम्फाल–दीमापुर) और एनएच–37 (इम्फाल–जिरीबाम)। तीन मई को मणिपुर में हिंसा भड़कने के बाद से एनएच–2 को कुकी संगठनों ने अवरुद्ध कर दिया था और मई के अंत में शाह की यात्रा के बाद इसे अस्थाई रूप से खोल दिया गया था। नाकेबंदी हटाने का निर्णय असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा के साथ यूपीएफ, केएनओ और अन्य कुकी समूहों की हाल में गुवाहाटी में हुई बैठक के बाद लिया गया है। संयुक्त बयान में कहा गया, यह निर्णय नागरिक समाज संगठनों, ग्राम प्रधानों और महिला नेताओं के साथ कई मौकों पर व्यापक विचार–विमर्श के बाद लिया गया। मणिपुर में मेइती और कुकी समुदायों के बीच जातीय हिंसा में अब तक 100 से ज्यादा लोगों की जान जा चुकी है।


### असम में भाजपा का विकल्प कांग्रेस नहीं हो सकती : आप

**तेजपुर।** आप की असम इकाई ने रविवार के कहा कि राज्य में कांग्रेस, सत्तारूढ़ भाजपा का विकल्प नहीं हो सकती, क्योंकि उसे जनता ने कुशासन और भ्रष्टाचार के कारण खारिज कर दिया है। राज्य में कांग्रेस से दूरी बनाते हुए आप ने कहा कि वह ऐसी पार्टी के साथ कोई मंच साझा नहीं करेगी। आप के मीडिया समन्वयक जयंत कुमार कलिता ने पार्टी की राज्य कार्यकारिणी की हुई बैठक के बाद कहा, कांग्रेस, असम में भाजपा का विकल्प नहीं हो सकती है। राज्य की जनता ने कांग्रेस को उसके कुशासन और भ्रष्टाचार की वजह से खारिज कर दिया है।

## केसीआर का रिमोट कंट्रोल मोदी के पासः राहुल गांधी

**एजेंसी/ खम्मम**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव पर तीखा हमला करते हुए रविवार को कहा कि उनका रिमोट कंट्रोल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पास है। कांग्रेस नेता ने राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) को भाजपा की बी-टीम बताते हुए इसका नया नामकरण बीजेपी रिश्तेदार पार्टी किया। गांधी ने आरोप लगाया कि राव और उनकी पार्टी के नेताओं के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों ने उन्हें (बीआरएस) भाजपा के सामने झुकने को मजबूर कर दिया है। गांधी ने कहा कि उन्होंने अन्य सभी विपक्षी दलों के नेताओं से कहा है कि कांग्रेस ऐसे किसी भी समूह में शामिल नहीं होगी, जहां बीआरएस होगी।



गांधी ने यहां एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, बीआरएस बीजेपी रिश्तेदार समिति की तरह है। केसीआर (के चंद्रशेखर राव) सोचते हैं कि वह राजा हैं और तेलंगाना उनकी रियासत है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा संसद में भाजपा के खिलाफ खड़ी रही है, लेकिन राव की पार्टी भाजपा की बी-टीम रही है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पास तेलंगाना के मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव का रिमोट कंट्रोल है। गांधी ने कहा, कांग्रेस पार्टी ने हाल में कर्नाटक में भ्रष्ट और गरीब विरोधी सरकार के खिलाफ चुनाव लड़ा और हमने राज्य में गरीबों, ओबीसी, अल्पसंख्यकों और वंचितों के समर्थन से उन्हें हराया। उन्होंने कहा, ऐसा ही कुछ तेलंगाना में होने जा रहा है। एक तरफ राज्य के अमीर और शक्तिशाली लोग होंगे और दूसरी तरफ हमारे साथ गरीब, आदिवासी, अल्पसंख्यक, किसान और छोटे दुकानदार होंगे। कर्नाटक में जो हुआ, वही तेलंगाना में भी दोहराया जाएगा।

### मुंबई में थमा भारी बारिश का दौर

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुंबई में सप्ताह भर भारी बारिश होने के बाद सप्ताहांत में हल्की बारिश हुई। आईएमडी की रिपोर्ट के अनुसार, रविवार सुबह समाप्त हुए पिछले 24 घंटे में कोलाबा वेधशाला में जहां 14 मिमी बारिश दर्ज की गई, वहीं सांताक्रूज मौसम स्टेशन में इस अवधि में 22.2 मिमी बारिश दर्ज की गई।
रिपोर्ट में कहा गया कि इससे पहले शनिवार सुबह साढ़े आठ बजे समाप्त हुए 24 घंटों में कोलाबा में 45.4 मिमी और सांताक्रूज मौसम स्टेशन में इसी अवधि में 110 मिमी बारिश दर्ज की गई। इसमें कहा गया कि शनिवार को उत्तर महाराष्ट्र के नासिक और नंदुरबार जिलों में अच्छी बारिश हुई लेकिन जलगांव में अधिकतर इलाकों में बारिश नहीं हुई।

## साबरमती रिवर फ्रंट सांस्कृतिक गतिविधियों का केंद्र है : शाह

**एजेंसी/ अहमदाबाद**


केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि साबरमती रिवर फ्रंट अहमदाबाद में सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों का केन्द्र बन गया है। शाह ने नदी में अक्षर रिवर क्रूज का डिजिटल तरीके से उद्घाटन भी किया। शाह ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए लोगों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सराहना की और कहा कि जब मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री थे तब उन्होंने कई ऐसी पहल की थीं, जिससे राज्य में पर्यटकों की संख्या बढ़ाने में मदद मिली।
शाह ने कहा कि जब वह 1978 में अहमदाबाद में आकर बसे तो वह रिवफ्रंट का निर्माण होने तक कभी साबरमती नदी देखने नहीं गए। उन्होंने कहा कि तब नदी में सिर्फ गंदा पानी हुआ करता था। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा, तत्कालीन मुख्यमंत्री मोदी ने पहली बार रिवर फ्रंट की कल्पना की और इसके लिए योजना बनाई और उसका निर्माण भी उनके मुख्यमंत्री रहते ही हुआ।



## भारत आज एक राजनीतिक, आर्थिक और सांस्कृतिक शक्ति के रूप में खड़ा हैः राजनाथ

**एजेंसी/ नई दिल्ली**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को कहा कि भारत विश्व के समक्ष आज एक राजनीतिक, आर्थिक और सांस्कृतिक शक्ति के रूप में खड़ा है। उन्होंने 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सपने को साकार करने के लिए सभी लोगों की ओर से सहयोगात्मक प्रयास का आह्वान किया। यहां अखिल भारतीय मलयाली संघ (एआईएमए) द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सिंह ने भारत के विकास में केरल के योगदान की सराहना की। उनके कार्यालय द्वारा जारी एक आधिकारिक बयान में सिंह के हवाले से कहा गया, भारत आज दुनिया के सामने एक आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक शक्ति के रूप में खड़ा है और केरल ने इस उपलब्धि को हासिल करने में बड़ी भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार में भारत सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के लिहाज से अब दुनिया की पांचवें नंबर की अर्थव्यवस्था है। विशेषज्ञों और संस्थानों की रिपोर्ट का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि भारत वर्ष 2027 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।
राजनाथ सिंह ने उम्मीद जताई कि आजादी के 100 साल पूरे होने यानी वर्ष 2047 तक भारत दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। रक्षा मंत्री ने कहा कि भारतीय संस्कृति को आज पूरी दुनिया में मान्यता और स्वीकृति मिल रही है।



**कटाक्ष** भाजपा की धुलाई मशीन ने अपना अभियान शुरू कर दिया है

## खरगे,राहुल ने राकांपा प्रमुख शरद पवार से बात की, समर्थन जताया

**एजेंसी/ नई दिल्ली**

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) प्रमुख शरद पवार के भतीजे अजित पवार और आठ अन्य नेताओं के बगावत कर एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली सरकार में शामिल होने के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पार्टी के नेता राहुल गांधी ने शरद पवार से रविवार को बात की और उन्हें समर्थन का भरोसा जताया। कांग्रेस ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की धुलाई मशीन ने अपना अभियान शुरू कर दिया है और क्योंकि इनमें से कई नेता भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों का सामना कर रहे हैं और अब उन्हें क्लीनचिट मिल गई है। आश्चर्यजनक कदम के तहत अजित पवार ने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली, जबकि उनकी राकांपा के आठ विधायकों ने दिन में शिवसेना और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली सरकार में मंत्री के रूप में शपथ ली। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के महासचिव के. सी. वेणुगोपाल ने ट्विटर पर कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष खरगे और राहुल गांधी ने राकांपा अध्यक्ष शरद पवार से बात की और उन्हें अपना समर्थन जताया।



वेणुगोपाल ने आरोप लगाया, भाजपा का गंदी चाल चलने वाला विभाग जोर-शोर से काम कर रहा है। यह वैध रूप से चुनी गई सरकार नहीं है, बल्कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी)-शक्ति प्राप्त सत्ता हथियाने वाली सरकार है। महाराष्ट्र सरकार भ्रष्टाचार और पाप की उपज है। उन्होंने कहा, जनता महाराष्ट्र के गद्दार, भ्रष्ट और समझौतावादी नेताओं को अच्छी तरह से पहचानती है और अगले चुनाव में उनमें से प्रत्एक को सबक सिखाया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 29 जून को भ्रष्टाचार के बारे में बात की थी और ऐसा प्रतीत होता है कि उन्होंने धुलाई मशीन को चालू कर दिया है

## केरल के मुस्लिम संगठन ने यूसीसी के विरोध का संकेत दिया

**एजेंसी/ कोच्चि**

मुस्लिम संगठन देश में यूसीसी लागू करने को लेकर केंद्र सरकार के रुख का पुरजोर विरोध करते दिख रहे हैं। इस सिलसिले में सुन्नी-शाफी विद्वानों के संगठन समस्त केरल जमीयत-उल-उलेमा ने प्रस्तावित कानून का विरोध करने का रविवार को संकेत दिया। राज्य में विपक्षी दल कांग्रेस ने कहा कि यूसीसी की जरूरत नहीं है और पार्टी ने 2018 में इसका विरोध करने का संकेत दिया था। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष वी. डी. सतीशन ने कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व प्रभारी महासचिव (संचार) जयराम रमेश ने 2018 में कहा था कि यूसीसी की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा, अब भी हमारा यही रुख है।

## ख़ास ख़बर

# पीएम मोदी के 9 साल की नाकामी से लोग बेहाल- जाकिर अनवर



**अररिया ।**भाजपा की मोदी सरकार के नौ साल हर मोर्चे पर पूरी तरह फेल है. आज पूरा देश बेरोजगारी, महंगाई व दमनकारी नीतियों के कारण परेशान है. ऐसा लगता हीं नहीं कि इस देश में प्रजातंत्र नाम की कोई चीज रह गई है. मोदी की तानाशाही चरम पर है. उक्त बात जिला कांग्रेस के अध्यक्ष सह पूर्व विधायक जाकिर अनवर बैराग ने कही। उन्होंने कहा कि हर जगह घूम-घूम कर भाजपा की मोदी सरकार 09 साल बेमिसाल की बात कर लोगों को गुमराह कर रही है, जबकि सच्चाई यह है कि वे अपनी 09 वर्ष के नाकामी व विभिन्न घोटाले को छुपाने के लिए इस तरह का गलत प्रचार प्रसार कर देश की जनता को दिग्भ्रमित कर रही है. पूर्व विधायक ने कहा आज पूरा देश महंगाई व बेरोजगारी से परेशान है, नौजवानों को नौकरी नहीं है, लेकिन उनके दिमाग को भटकाने के लिए हिंदू-मुस्लिम, मंदिर- मस्जिद व श्मशान कब्रिस्तान करने में लगी है, आपसी प्रेम व सद्भाव की जगह एक दूसरे के प्रति घृणा व नफरत का माहौल पूरे देश में बना दिया गया है. गैस 13 सौ, डीजल-पेट्रोल सौ से ऊपर, इतना हीं नहीं टमाटर 140 के ऊपर बिक रहा है. मोदी सरकार अपने 09 साल की नाकामी व घोटाले को छपाने के लिए 09 साल बेमिसाल की बात कर जनता को गुमराह करना चाहती है. जिसका जवाब 2024 के लोकसभा चुनाव में जनता देगी व इन्हे सत्ता से बेदखल करने को तैयार है. कांग्रेस पार्टी इनकी नाकामी व घोटाले को जनता के बीच लेकर जायेगी।

# डा. बिमल ने घर-घर बांटें पोस्टर, गिनाई उपलब्धियां



**मधेपुरा।**पीएम नरेंद्र मोदी के नौ वर्ष की सेवा, सुशासन व गरीब कल्याण कार्यक्रम के तहत मधेपुरा विधानसभा सीट से भाजपा के प्रत्याशी रहे डा.बिजय कुमार बिमल जनसंपर्क अभियान के दौरान कई पंचायत के विभिन्न वार्डों में जनसंपर्क अभियान के दौरान लोगों से रू ब रू हुए । डोर टू डोर जाकर पोस्टर, पंपलेट, पुस्तक समेत अन्य सामग्री बांटते हुए केंद्र सरकार के 9 साल के कार्यकाल की उपलब्धियों की जानकारी दी। डा. बिमल लोगों से कहा कि भाजपा सरकार में गरीबों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना, शौचालय निर्माण, उज्जवल योजना, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, महिला सशक्तिकरण समेत कई महत्वाकांक्षी योजनाओं की शुरुआत की गई। देशहित के लिए स्टार्टअप इंडिया, विदेश नीति और राष्टीय सुरक्षा, वैश्विक आर्थिक महाशक्ति, व्यापार की सुगमता, कौशल विकास केंद्र, श्रीराम मंदिर निर्माण, अक्षय ऊर्जा पर जोर समेत अनेकों योजनाएं धरातल पर लाकर देशवासियों को गौरवान्वित करने का काम किया गया है। इतना ही नहीं अमेरिका के सांसद के बाद अब रूस में भी प्रधानमंत्री का नाम बड़े सम्मान के साथ लिया जाना भारतवर्ष के लिए बड़े ही गौरव की बात है। बिहार कह रहा है धन्यवाद मोदी सरकार! मधेपुरा नगर परिषद के दो टर्म रहे मुख्य पार्षद सह विधान सभा प्रत्याशी डा.बिजय कुमार बिमल ने कहा कि मोदी सरकार ने यूरिया सब्सिडी योजना को जारी रखने की मंजूरी दे दी है। अगले तीन वर्षों (2022-23 से 2024-25) में यूरिया सब्सिडी के लिए 3,68,676.7 करोड़ रुपये जमा किए जाएंगे। जिससे किसानों के लिए किफायती यूरिया सुनिश्चित होगा। भाजपा ने लाया किसानों के जीवन में बहार! स्थायी कृषि को बढ़ावे के साथ किसानों के समग्र कल्याण और आर्थिक बेहतरी पर फोकस के लिए मोदी सरकार 3.7 लाख करोड़ रुपये से अधिक का विशेष पैकेज दिया।

# बसंतपुर ऑडियो ने भगवानपुर पंचायत के समदा गांव में ओपुलेन्ट उद्योग का किया उद्घाटन

### 4जुलाई से 31 अगस्त का श्रावण मास, जिसमें 17 जुलाई से 16 अगस्त तक अधिक मास यानी मलमास रहेंगे





**अभिषेक आनंद/दैनिक शुभ भास्कर, बीरपुर, सुपौल** /जिले में वीरपुर अनुमंडल के बसंतपुर प्रखंड अंतर्गत भगवानपुर पंचायत के समदा गांव में रविवार को ओपुलेंट फेब्रिकेशन ब्ययो का शुभारंभ किया गया । इस मौके पर मुख्य अतिथि बसंतपुर प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमार मनीष भारद्वाज रहे । वही ओपुलेन्ट उद्योग का ऑडियो कुमार मनीष भारद्वाज फीता काटकर उद्घाटन किया ।ओपुलेन्ट का निरीक्षण किया,मोइना के दरमियान बारीकी से सभी उपकरणों के बारे में जानकारी लिए एवं कई सलाह भी दिए। मोइना के समय उपस्थित बसंतपुर ऑडियो कुमार मनीष भारद्वाज, प्रोफेसर एसपी मंडल ,बालेश्वर प्रसाद, मुखिया देवेंद्र दास ,सरपंच वीरेन कुमार पासवान, समिति जयप्रकाश पासवान आदि ग्रामीण मौजूद थे। मंच पर उपस्थित बसंतपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमार मनीष भारद्वाज को चंदेश्वर पासवान ने पाग व साल्व देकर स्वागत किया साथ ही मंच पर उपस्थित सभी को पुष्पमाला पहनाए ।ऑडियो कुमार मनीष भारद्वाज ने सभी को संबोधित करते हुए बताया कि भगवानपुर पंचायत के समदा गांव में यह छोटा सा उद्योग यहां के नौजवानों को इस से सीखना चाहिए और अपने अपने पसंदीदा कार्य का शुरुआत करना चाहिए ,जिस प्रकार आज समदा गांव में इस उद्योग के मार्फत कई बेरोजगार को रोजगार मिलेगा साथ ही इस इलाके में कम रेट पर समान मिलेगा । यह कार्य नई पीढ़ी के सुनील कुमार के द्वारा उद्योग खोला गया है जो प्रधानमंत्री स्वरोजगार योजना से शुरुआत किया गया है । वही कुमार मनीष भारद्वाज ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए बताया कि स्टार्टअप इंडिया योजना के तहत मंगलवार को बसंतपुर प्रखंड प्रांगण में एक शिविर लगने जा रहा है ,जिसमें 18 वर्ष से 45 वर्ष के बेरोजगार इसमें आकर आवेदन कर सकता है और इस योजना का लाभ ले सकता है।

मंगलवार को 100 आवेदन को सुकृत किया जाएगा। इसके आगे जैसे-जैसे काम होगा उस प्रकार से बसंतपुर प्रखंड के द्वारा बसंतपुर प्रखंड अंतर्गत पढ़े-लिखे बेरोजगारों को स्वरोजगार के तहत योजना का लाभ दिलाया जाएगा। वही मौके पर उपस्थित विश्कर्मा कॉलेज के प्रोफेसर एसपी मंडल ने सभी को संबोधित करते हुए ओपुलेन्ट का शुभारंभ करते हुए लोगों को कई अहम बातें बताया गया। एसपी मंडल ने बताया कि सुदूल गांव में एक नवयुवक ने अपने घर से बाहर जाकर इन कामों को सीखा और आकर अपने गांव में एक उद्योग खोलकर यहां के नवयुवकों एवं बेरोजगारों को रोजगार देकर उनका काम करने जा रहा है इस तरह का काम कई है लेकिन करने वालों आगे बढ़कर जो काम करेगा वही समाज में उन्नति एवं विकास करेगा । वहीं मौके पर उपस्थित भगवानपुर पंचायत के मुखिया देवेंद्र दास, सरपंच वीरेंद्र कुमार पासवान, समिति जयप्रकाश पासवान ,विश्वकर्मा कॉलेज के प्रिंसिपल बालेश्वर प्रसाद , अधिवक्ता एसपी मंडल, वार्ड सदस्य भोला सादा, ग्रामीण रामनारायण मेहता, सदानंद पासवान, सतनारायण पासवान ,सियाराम मालाकार आदि सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे ।

# पनोरमा पब्लिक स्कूल में आगामी 4 जुलाई को होगा उस्ताद जोहर अली का आगमन, साढे बारह बजे दिन में उस्ताद जी का गुजेगी वायलिन





**सोनू भगत/दैनिक शुभ भास्कर, छातापुर, सुपौल**/जिले में छातापुर प्रखंड अंतर्गत भारत के पारंपरिक संगीत के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए प्रतिबद्धत स्पीक मैके के पूर्णिया चैप्टर के माध्यम से देश के ख्याति लब्ध वायलिन वादक उस्ताद जौहर अली का आगमन पैनोरमा पब्लिक स्कूल में फिर हो रहा है।ज्ञात हो कि उस्ताद जौहर अली उस्ताद गौहर अली खान के सुपुत्र हैं और पारंपरिक हिंदुस्तानी संगीत घराना, पटियाला और रामपुर घराना से संबंध रखते हैं । इसके साथ ही ऑल इंडिया रेडियो के ग्रेड वन संगीत कलाकार के रूप में इन्हें दर्जा प्राप्त है।सूचना एवं प्रसार मंत्रालय के द्वारा भी इन्हे सामन्य सदस्यता प्राप्त है और उस्ताद जौहर अली आईसीसीआर के परामर्श समिति के सदस्य के रूप में भी नामित हैं । छातापुर प्रखंड के रामपुर में इनका यह पहला दौरा है और इनके इस दौरे में इनके साथ स्पीक मैके से सम्बद्धता प्राप्त कलाकार अर्कदीप दास तबले पर संगत देंगे। गौरव की बात यह है कि अर्कदीप दास भी उच्च कोटि के उभरते हुए युवा तबला वादक है और पूर्णिया के ही सपूत हैं तथा वर्तमान में बनारस घराना से जूडे हुए माने जाते हैं । इन्होंने आरंभ में पूर्णिया के चर्चित तबला वादक सत्तप्रिय दत्ता उर्फ लालू दा के सानिध्य में प्रारंभिक प्रशिक्षण लिया फिर इन्होंने पूर्णिया में जाने-माने संगीत गुरु श्री वीरेंद्र घोष (अब स्मृति शेष) से तबला वादन का प्रशिक्षण लिया और उसके बाद देश के सिद्धहस्त तबला प्रशिक्षक के गुरुकुल में बनारस घराना के संगीत गुरु पंडित कुमार बोस के सानिध्य में कोलकाता में विशेष प्रशिक्षण प्राप्त किया और रविंद्र भारती विश्वविद्यालय से फाइन आर्ट ऑफ स्ट्रूमेंटल म्यूजिक में ग्रेजुएशन और पोस्ट ग्रेजुएशन की डिग्री ली है । साथ ही प्रयाग संगीत समिति से संगीत प्रवीण की डिग्री तबला में हासिल की है और तबला के लिए इन्हें,सीसीआरटी के द्वारा स्कॉलरशिप भी मिल चुका है ।स्पीक मैके के राज्य समन्वयक का प्रभार संभाल रहे स्वरूप दास ने यह जानकारी दी है कि उस्ताद जी का दूसरी बार पूर्णिया आना गौरव की बात है और इस बार उस्ताद जौहर अली, आगामी 4 जुलाई 2023 को छातापुर के रामपुर में अवस्थित पनोरमा पब्लिक स्कूल में साढे बारह बजे दिन में उस्ताद जी का आगमन होगा जहा उनकी वायलिन गूंजेगी और उस्ताद जौहर अली अपनी वायलिन की धुन पर सबको मंत्रमुग्ध करते हुए नजर आएंगे। यह तय है कि पनोरमा पब्लिक स्कूल में संगीत का एक अनूठा समा बंधेगा और यहां के लोग पारंपरिक भारतीय संगीत के तहत कुछ नया ग्रहण करेंगे और यही स्पीक मैके का उद्देश्य भी रहा है कि पारंपरिक हिंदुस्तानी और संस्कृति का प्रसार अधिक से अधिक हो सके उक्त आश्य की जानकारी पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक संजीव मिश्रा ने खुद दूरभाष के माध्यम से दी हैं।

# शिक्षक संघ के क्रांतिकारी साथियों ने विधायक, प्रमुख और मुखिया संघ के अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन



**अररिया।**माध्यमिक शिक्षक संघ एवं बिहार पंचायत नगर प्रारंभिक शिक्षक संघ के संयुक्त आह्वान पर 11 जुलाई 2023 को बिहार विधानसभा घेराव कार्यक्रम निर्धारित है इससे पूर्व जनप्रतिनिधियों से समर्थन लेने का अभियान चल रहा है। विगत दिनों माध्यमिक शिक्षक संघ अररिया एवं बिहार पंचायत नगर प्रारंभिक शिक्षक संघ अररिया की संयुक्त बैठक माध्यमिक शिक्षक संघ भवन अररिया में हुई थी। जिसमे तय हुए निर्णय के अनुसार बिहार पंचायत नगर प्रारंभिक शिक्षक संघ के क्रांतिकारी साथियों ने अररिया सदर के माननीय विधायक आबिदुर्र रहमान जी, अररिया सदर प्रखंड प्रमुख माननीय अब्दुल हन्नान जी, अररिया जिला मुखिया संघ के जिलाध्यक्ष माननीय शाद अहमद उर्फ बबलू जी से मिलकर सभी कोटि के नियोजित शिक्षकों को बिना शर्त राज्यकर्मी का दर्जा मिले इस हेतु समर्थन पत्र दया गया।

# संगठनात्मक मजबूती हेतु गिदवास मंडल में हुई भाजपा एक बैठक



**रानीगंज ।**रानीगंज विधानसभा क्षेत्र के गिदवास मंडल में भाजपा एक बैठक आयोजित की गई थी।बैठक में मुख्य अतिथि प्रदेश भाजपा के उपाध्यक्ष शिवनारायण महतो जी थे। इस आशय की जानकारी देते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष आदित्य नारायण झा ने बताया कि बैठक में संगठनात्मक मजबूती हेतु विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई और आगे की रणनीति के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। बैठक में मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश मंड़ल जी,भाजपा जिला मंत्री सह रानीगंज उपप्रमुख कलानंद सिंह उर्फ कैलू सिंह जी , पूर्व मंडल अध्यक्ष गनोरी मंडल जी , अनुसूचित मोर्चा के जिला अध्यक्ष श्री गंगा ऋषिदेव जी ज्योतिष मंडल जी , संजय झा जी ,सुभाष ठाकुर, संतोष ऋषिदेव, मायानंद सिंह जी , एवं भाजपा के सभी शक्ति केंद्र प्रमुख एवं सह प्रमुख उपस्थित रहे।


# जनस्वास्थ्य चेतना शिविर में ग्रामीणों की हुई स्वास्थ्य जांच




**पूर्णिया ।**अभी भी ग्रामीण इलाकों के लोग स्वास्थ्य सुविधाओं से दूर हैं।बुजुर्ग या साधारण रूप से कमज़ोर लोगों की पहुंच अस्पताल तक नहीं है। उक्त बातें सूबे की खाद्द एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की मंत्री लेसी सिंह ने जनस्वास्थ्य चेतना शिविर के उद्घाटन समारोह के दौरान कही। मालूम हो कि ग्रामीण इलाकों के निवासियों के स्वास्थ्य परीक्षण को लेकर के नगर प्रखंड के गोकुलपुर पंचायत अंतर्गत प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय परिसर में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया था। इस अवसर पर खाद्द उपभोक्ता मामलों की मंत्री सह स्थानीय विधायक लेसी सिंह, सिविल सर्जन डॉ अभय प्रकाश चौधरी, डीपीएम सोरेंद्र कुमार दास, डीपीसी डॉ सुधांशु शेखर, स्थानीय के नगर पीएचसी के एमओआईसी डॉ भास्कर प्रसाद सिंह, बीएचएम निशी श्रीवास्तव, सिफार के धर्मेंद्र कुमार रस्तोगी, शेख मोजिम सहित स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता एवं स्वास्थ्य विभाग के सैकड़ों चिकित्सक और कर्मी उपस्थित थे। मंत्री लेसी सिंह ने बताया कि जनस्वास्थ्य चेतना शिविर में लगभग 25 सौ अधिक ग्रामीणों का चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। आयोजन की शत प्रतिशत सफ़लता को लेकर स्थानीय पंचायत के मुखिया नीरज मेहता के नेतृत्व में लगभग 18 सौ अधिक ग्रामीणों का पंजीकरण पहले ही किया गया था। लेकिन अत्यधिक भीड़ होने के कारण दोपहर के बाद लगभग एक हजार ग्रामीणों का "ऑन द स्पॉट" स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। बता दें कि ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी अस्पतालों की पहुंच अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के माध्यम से है। इसके साथ ही टेलीकंस्लटेंसी के माध्यम से सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराई जाती हैं।

**जलजमाव** पानी निकासी का कोई साधन नहीं है

# समदा चौक एनएच 106 पर जलजमाव, पैदल चलने वालों लोगों की बढ़ी परेशानी





**अभिषेक आनंद /दैनिक शुभ भास्कर, बीरपुर ,सुपौल**/जिले में वीरपुर अनुमंडल के बसंतपुर प्रखंड के भगवानपुर पंचायत अंतर्गत समदा चौक एनएच 106 पर तेज बारिश से जलजमाव हो चुकी है। पानी निकासी का कोई साधन नहीं है। ग्रामीणों सहित दुकानदारों का जीवन अस्त व्यस्त हो चुका है। पानी पार करके सामानों की खरीदारी करते है। पानी सूखने पर बहुत ही खराब गंध निकलती है। उक्त रोड पर वाहनों के गुजरते समय राहगीरों व आम लोगो को दुर्घटना होने की भय सताती रहती है।ग्रामीण एवं दुकानदार विवेक आनंद, अभिषेक आनंद, पिंटू कुमार, उदय मुखिया, नरेश यादव, दिनेश यादव, संतोष मेहता, सुरेंद्र कुमार, अनिल कुमार पौद्दार आदि का कहना है कि एनएच 106 के समदा चौक पर जलजमाव हो जाने से दुकानों से सामान लेने के लिए जाने में काफी व्यवधान उत्पन्न हो रही है। बताया कि जलजमाव की स्थिति को लेकर प्रशासनिक पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों को कई बार अवगत करवाया गया, लेकिन इसे नजरअंदाज करते हुए कोई पहल नही की जा सकी है। बताया कि एक तरफ लोग विगत दिनों भीषण गर्मियों से परेशान हो गया था। तो वही दूसरी तरफ बारिश होने की वजह से आसपास के लोग व राहगीर परेशान हो गया है। बारिश की पानी सूख जाने पर बहुत ही खराब गंध आती है। जिससे कई तरह की बीमारी होने की आशंका हो सकती है। वही स्कूली बच्चों को जाने में असुविधा के साथ-साथ कभी-कभी चलते गाड़ियों के आने से स्कूल ड्रेस पर पानी चिराग जाती है जिसके कारण स्कूल ड्रेस भीगने से वह बच्चा उस दिन स्कूल जाने से वंचित हो जाता है। इस बावत आरडीओ बसंतपुर कुमार मनीष भारद्वाज ने बताया कि जलजमाव की समस्या संज्ञान में आया है। एनएचएआई के अधिकारियों से संपर्क करके समाधान करने का प्रयास किया जाएगा। साथ ही प्रखंड स्तर से भी समस्या समाधान करवाने का प्रयास किया जाएगा।

# अभाविप ने की पटना में शिक्षक अभ्यर्थियों पर पुलिस द्वारा की गई बर्बरता की एक स्वर से निंदा




**अररिया।**अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई अररिया का एक बैठक शिवपुरी स्थित परिषद कार्यालय परिसर में आयोजित किया गया. बैठक की अध्यक्षता परिषद के नगर मंत्री अंकित कुमार झा ने किया. बैठक में आगामी 1 जुलाई को पटना में शिक्षक अभ्यर्थियों पर पुलिस द्वारा की गई बर्बरता की एक स्वर निंदा की गई. बैठक को संबोधित करते हुए परिषद के पूर्णिया विश्वविद्यालय प्रमुख प्रोफेसर एमपी सिंह ने कहा कि अपने मांग को लेकर शांतिपूर्ण आंदोलन करना हर नागरिक का संवैधानिक अधिकार है. उन्होंने कहा कि पटना के डाकबंगला चौराहा पर शिक्षक अभ्यर्थियों द्वारा अपने वाजिब मांग को लेकर शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहा था. नीतीश सरकार के इशारे पर आंदोलन को कुचलने के लिए जिस प्रकार पुलिस द्वारा आंदोलनकारियों को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा गया वह अचंभित करने वाला है. इस क्रूरता पूर्ण कार्रवाई पर आम जनमानस को भी झकझोर कर रख दिया है. उन्होंने कहा कि जिस प्रकार महिलाओं को भी घसीटा गया वह किसी भी कीमत पर बर्दाश्त करने लायक नहीं है. एमपी सिंह ने कहा कि यदि सरकार द्वारा शिक्षक अभ्यर्थियों की मांग को शीघ्र ही पूरा नहीं किया गया तो सरकार अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर सकेगा. यह आंदोलन सरकार के ताबूत में आखिरी कील साबित होगा. बैठक को संबोधित करते हुए जिला संयोजक अजीत रंजन ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद भी शिक्षक अभ्यर्थियों के मांग के साथ है. यदि जरूरत पड़ी तो अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद भी आंदोलनकारी शिक्षक अभ्यर्थियों के साथ सड़क पर आ सकता है. बैठक में अंकित कुमार यादव, अरुण कुमार, पंकज कुमार, शंकर राज, अबू नसर, राहुल आर्यन आदि शामिल थे.

## ख़ास ख़बर

## दादा साहेब फाल्के आइकॉन अवार्ड 2023 से सम्मानित हुये दिलशाद एस. खान





**मधुबनी संबददाता मो सालिम आजाद/मुंबई।** मुंबई के अंधेरी पश्चिम स्थित मुक्ति हॉल में 24 जून को दक्षिण मुंबई प्रेस मीडिया अवार्ड 2023 का एक भव्य समारोह रखा गया था। इस अवार्ड समारोह का आयोजन दादा साहेब फाल्के आइकॉन अवार्ड फिल्म्स ऑर्गनाइजेशन द्वारा किया गया था। इसके संस्थापक और अध्यक्ष एक्टर कल्याणजी जाना हैं। इस दौरान दै. मुंबई हलचल के संपादक दिलशाद एस. खान और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ चेरिटेबल ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय एल. दुबे को दादा साहेब फाल्के आइकॉन अवार्ड 2023 से सम्मानित किया गया। इस सम्मान के लिए पुरुस्कार समारोह के आयोजक कल्याणजी जाना का दिलशाद एस. खान और अजय एल. दुबे ने आभार व्यक्त किया और कहा कि इस अवार्ड को पाना खुशी की बात है। इससे हम सबको अपने कार्यक्षेत्र में और बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित करता है। इस अवार्ड समारोह में हेल्प केयर फाउंडेशन की शबनम शेख, अभिनेता अली खान, सिंगर कुमार शानू, अभिनेत्री शर्लिन चोपड़ा, बीएन तिवारी, कमेडियन सुनिल पाल, रमाकांत मुंडे (बॉलीवूड फोटोग्राफर), रमेश नोहाटे (बॉलीवूड स्टार मेकअप मन) सहित कई हस्तियों को सम्मानित किया गया।

## प्रखण्ड बिस्फी मधुबनी में हुआ जन सुराज का बकरईद मिलन समारोह- मंजूर आलम



**मधुबनी/संबाददाता/**जन सुराज के मधुबनी जिले के बिस्फी प्रखण्ड समन्वयक मंजूर आलम ने ईद -उल- अजहा ( बकरईद) के मौके पर बिस्फी प्रखण्ड के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया जगह जगह लोगों के मिलते क्रम में जन सुराज के मूलभूत उद्देश्यों को लोगों के समक्ष रखा सभी लोगों से आवाह्न किया गया के बिहार की बदहाली, गरीबी, अशिक्षा एवं हर क्षेत्र में व्याप्त भ्रष्टाचार को मिटाने के लिए सत्ता परिवर्तन ही एक मात्र विकल्प है। जन सुराज के मुखिया आदरणीय श्री प्रशांत किशोर जी ही एक मात्र विकल्प हैं जो इस समस्या से बिहार को निजात दिला सकते हैं । मंजूर आलम ने कहा कि समाज की मदद से ही जमीनी स्तर पर सही लोगों को चिन्हित कर उनको एक लोकतांत्रिक मंच पर लाने का प्रयास चल रहा है इसलिए आप सभी से आग्रह है कि जन सुराज को अपना पूर्ण समर्थन दें ताकि आने वाले समय में शिक्षा में सुधार, किसानों की बदहाली में सुधार,बेरोजगार युवक को रोजगार, बिहार से अन्य राज्यों, देशों में रोजगार प्राप्त करने हेतु पलायन लोगों को वापस बुलाकर अपने पंचायत अपने प्रखण्ड अपने जिला में रोजगार दिलाया जा सके साथ ही पदयात्रा में जुड़ने का लोगों से अपिल किया गया।इस मौके पर युनिसेफ समन्वयक मो0 आफताब आलम से जन सुराज के उद्देश्यों पर विस्तार पूर्वक चर्चा हुई उन्होंने ने क्षेत्र विशेष में जन सुराज के उद्देश्यों और पदयात्रा में जुड़ने हेतु सहयोग का आश्वासन दिया।

# पैनोरमा पब्लिक स्कूल में होगा उस्ताद जोहर अली का आगमन 4 जुलाई को

### उस्ताद जौहर अली पारंपरिक हिंदुस्तानी संगीत घराना, पटियाला और रामपुर घराना से संबंध रखते हैं- संजीव मिश्रा




**छातापुर ।**भारत के पारंपरिक संगीत के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए प्रतिबद्धत स्पीक मैके के पूर्णिया चैप्टर के माध्यम से देश के ख्याति लब्ध वायलिन वादक उस्ताद जौहर अली का आगमन पैनोरमा पब्लिक स्कूल , रामपुर छातापुर में फिर हो रहा है। कार्यक्रम की तैयारी अन्तिम चरण पर है। इस आशय की जानकारी देते हुए पनोरमा ग्रुप के एमडी संजीव मिश्रा ने बताया कि उस्ताद जौहर अली उस्ताद गौहर अली खान के सुपुत्र हैं और पारंपरिक हिंदुस्तानी संगीत घराना, पटियाला और रामपुर घराना से संबंध रखते हैं । साथ ही ऑल इंडिया रेडियो के ग्रेड वन संगीत कलाकार के रूप में इन्हें दर्जा प्राप्त है । सूचना एवं प्रसार मंत्रालय के द्वारा भी इन्हें सामन्य सदस्यता प्राप्त है और उस्ताद जौहर अली आईसीसीआर के परामर्श समिति के सदस्य के रूप में भी नामित हैं । रामपुर में इनका यह पहला दौरा है और इनके इस दौरे में इनके साथ स्पीक मैके से सम्बद्धता प्राप्त कलाकार अर्कदीप दास तबले पर संगत देंगे। गौरव की बात यह है कि,अर्कदीप दास भी उच्च कोटि के उभरते हुए युवा तबला वादक है और पूर्णिया के ही सपूत हैं तथा वर्तमान में बनारस घराना से जुड़े हुए माने जाते हैं । इन्होंने आरंभ में पूर्णिया के चर्चित तबला वादक सत्तप्रिय दत्ता उर्फ लालू दा के सानिध्य में प्रारंभिक प्रशिक्षण लिया फिर इन्होंने पूर्णिया में जाने-माने संगीत गुरु श्री वीरेंद्र घोष (अब स्मृति शेष) से तबला वादन का प्रशिक्षण लिया और उसके बाद देश के सिद्धहस्त तबला प्रशिक्षक के गुरुकुल में बनारस घराना के संगीत गुरु पंडित कुमार बोस के सानिध्य में कोलकाता में विशेष प्रशिक्षण प्राप्त किया और रविंद्र भारती विश्वविद्यालय से फाइन आर्ट ऑफ स्ट्रूमेंटल म्यूजिक में ग्रेजुएशन और पोस्ट ग्रेजुएशन की डिग्री ली है । साथ ही प्रयाग संगीत समिति से संगीत प्रवीण की डिग्री तबला में हासिल की है और तबला के लिए इन्हें, सीसीआरटी के द्वारा स्कॉलरशिप भी मिल चुका है ।स्पीक मैके के राज्य समन्वयक का प्रभार संभाल रहे स्वरूप दास ने यह जानकारी दी है कि उस्ताद जी का दूसरी बार पूर्णिया आना गौरव की बात है और इस बार उस्ताद जौहर अली, छातापुर के रामपुर अवस्थित पनोरमा पब्लिक स्कूल में चार जुलाई के साढे बारह बजे दिन में उस्ताद जी का वायलिन गूंजेगी और उस्ताद जौहर अली अपनी वायलिन की धुन पर सबको मुग्ध करते हुए नजर आएंगे। यह तय है कि पैनोरमा पब्लिक स्कूल में संगीत का एक अनूठा समा बंधेगा और यहां के लोग पारंपरिक भारतीय संगीत के तहत कुछ नया ग्रहण करेंगे और यही स्पीक मैके का उद्देश्य भी रहा है कि पारंपरिक हिंदुस्तानी और संस्कृति का प्रसार अधिक से अधिक हो सके ।

# स्नातक स्तर के परीक्षाओं की जिम्मेदारी प्रति कुलपति को क्यों नहीं दी गई पर राज भवन से वीसी को जवाब तलब





**पूर्णियां।**पूर्णिया विश्वविद्यालय पूर्णिया के वर्तमान कुलपति की पोल खोल कर रख दिया है राज्यपाल सह कुलाधिपति के संयुक्त सचिव का पत्र जो पत्रांक 955 दिनांक 23/06/2023 माध्यम से जारी हुई है ।उक्त बातें पूर्णिया विश्वविद्यालय बनाओ संघर्ष समिति के संस्थापक एवं राजद के जिला प्रवक्ता डॉक्टर आलोक राज ने कहा इस पत्र के माध्यम से पूर्णिया विश्वविद्यालय पूर्णिया के कुलपति से जवाब तलब किया गया है कि कुलपति के द्वारा आज स्नातक स्तर के परीक्षाओं की जिम्मेदारी प्रति कुलपति को क्यों नहीं दी गई है !इस तरह पत्र कुलाधिपति कार्यालय को जारी करना पड़े पूर्णिया विश्वविद्यालय के संदर्भ में तो इससे दुखद क्या बात हो सकती है की पूर्णिया विश्वविद्यालय के कुलपति अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर दूसरे पदाधिकारियों के अधिकार को छीनने का काम करते हैं यह जांच का विषय है कि बिहार राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम को ताक पर रखकर स्नातक स्तर के परीक्षाओं का संचालन कुलपति खुद क्यों कर रहे थे यह जगजाहिर है कि पूर्णिया विश्वविद्यालय में भ्रष्टाचार का बोलबाला है कुलपति सिर्फ धन उगाही के मकसद से स्नातक स्तर परीक्षाओं का संचालन खुद कर रहे हैं कहीं यह बात तो नहीं पूर्णिया विश्वविद्यालय को पूर्णिया विश्वविद्यालय के वर्तमान कुलपति ने धन उगाही का केंद्र बना दिया है और एक गिरोह बनाकर पूर्णिया विश्वविद्यालय के खजाना को लूटने का काम पूर्णिया विश्वविद्यालय पूर्णिया के कुलपति कर रहे हैं ।साथ ही साथ इस पत्र में उल्लेख है कि स्नातक स्तर के परीक्षाओं का संचालन एवं आदि कार्य का दायित्व प्रति कुलपति को तुरंत सौंपा जाए इस पत्र के 1 सप्ताह से अधिक हो जाने के बावजूद भी कुलपति के द्वारा इस पत्र के आलोक में कार्य नहीं करना कहीं ना कहीं इस ओर इशारा करती है कि वर्तमान कुलपति के लिए राज भवन सह कुलाधिपति के संयुक्त सचिव का पत्र कोई मायने नहीं रखता है पूर्णिया विश्वविद्यालय के कुलपति अपने मर्जी से और अपने गिरोह के मर्जी से विश्वविद्यालय का संचालन करते आ रहे हैं और करते रहेंगे डॉक्टर आलोक राज ने कहा कि इस तरह के कुलपति को पूर्णिया विश्वविद्यालय पूर्णिया के कुलपति बने रहने से पूर्णिया विश्वविद्यालय पूर्णिया की छवि खराब होती जा रही है इसलिए बिहार के कुलाधिपति से पत्र लिखकर आग्रह किया जाएगा कि इस तरह के भ्रष्टाचारी कुलाधिपति को अभिलंब बर्खास्त किया जाए ।अगर कुलाधिपति कार्यालय के द्वारा अभिलंब पूर्णिया विश्वविद्यालय के वर्तमान कुलपति डॉक्टर राजनाथ यादव जी को बर्खास्त नहीं किया जाता है तो इनके खिलाफ जन आंदोलन किया जाएगा और इस भ्रष्टाचारी कुलपति से पूर्णिया विश्वविद्यालय को मुक्त कराया जाएगा जिंदा कॉम किसी का इंतजार नहीं करती बल्कि विद्रोह करती है यह लोगों को याद रखनी चाहिए।

## प्रारम्भिक शिक्षक कल्याण संघ की प्रदेश कार्य समिति कि प्रदेश अध्यक्ष शशि रंजन सुमन जी की अध्यक्षता मे एक बैठक हुई



**मधुबनी संबाददाता/**प्रारम्भिक शिक्षक कल्याण की प्रदेश कार्य समिति की एक बैठक रविवार को प्रदेश कार्यालय में आयोजित की गयी । जिसकी अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष शशि रंजन सुमन व संचालन प्रदेश महासचिव आनंद कुमार मिश्रा ने की । बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पूर्व से नियोजित सभी शिक्षकों को राज्य कर्मी का दर्जा देते हुए समंजित करने को लेकर हो रहे 11जुलाई के कार्यक्रम को समर्थन करने व साथ ही संघ सभी संगठनों से कार्यक्रम की सफलता को लेकर कार्यक्रम से पूर्व सर्व संघीय बैठक करने की अपील की । बैठक को, प्रदेश कोषाध्यक्ष राज कुमार सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष नरगीश नाज, तिरहुत प्रमंडल प्रभारी एजाज अहमद, भोजपुर जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार सिंह ,पूर्वी चंपारण जिलाध्यक्ष अजय कुमार सिंह ,सीतामढ़ी जिला कोषाध्यक्ष मो तनवीर अहमद, गोपालगंज जिला कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र पासवान ,संजय कुमार सिंह, कन्हैया कुमार पासवान ने सम्बोधित किया

## खाद-बीज एवं कृषि कार्यों से जुड़े अन्य सामग्री समय पर उचित मूल्य पर हो उपलब्ध



**जयनगर /मधुबनी/दैनिक शुभ भास्कर (मो.गुलाब)/**जयनगर के भाकपा-माले प्रखंड सचिव भूषण सिंह ने प्रखंड कृषि पदाधिकारी जयनगर मनोज कुमार को दिए गए आवेदन में जन शिकायत के अलोक में कहा की जयनगर प्रखंड के अंतर्गत शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि पेक्स सहित खुदरा एवं थौक दर्जनों खाद-बिज बिक्रेता है इसके बावजूद किसानों को खाद-बिज एवं कृषि कार्यों से जुड़े अन्य सामग्री समय पर उचित मूल्य पर आसानी तरीके से उपलब्ध नही हो पाता है। तो दूसरी ओर उक्त बिक्रेताओं के द्वारा मूल्य से अधिक राशि लेकर बेचा जाता है और साथ-साथ नेपाल तथा अलग क्षेत्रों में कालाबाजारी करने की भी लगातार शिकायते मिलता रहता है। जिसका हमारी पार्टी भाकपा-माले तीव्र निंदा करती है, और आप से मांग करती है की उक्त जन शिकायते को देखते हुए किसानों के हित में समय पर आसानी तरीके से उचित मूल्य पर खाद-बिज एवं कृषि योग्य अन्य सामग्री उपलब्ध करने की योजना तथा कालाबाजारी करने वाले बिक्रेताओं पर कठोर कार्रवाई करने कि मांग किया गया, अबिलम्ब कार्रवाई नहीं होने पर जनांदोलन करने की घोषणा किया।

## महिलायों को जागरूकता हेतु "यौन उत्पीड़न" विषय पर एसएसबी ने कार्यशाला का कराया आयोजन



**जयनगर /मधुबनी/दैनिक शुभ भास्कर (मो.गुलाब)/**जयनगर मुख्यालय इस्तिथ 48वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल,जयनगर की सीमा चौकी गंगौर एवं वाहिनी मुख्यालय में कार्यस्थल पर "महिलाओं का यौन उत्पीड़न अधिनियम" के विषय पर कार्यशाला का आयोजन कराया गया।इस कार्यक्रम का आयोजन गोविंद सिंह भंडारी कमांडेंट, 48वीं वाहिनी के तत्वाधान में किया गया, जिसमे गोविंद सिंह भंडारी कमांडेंट द्वारा वाहिनी के जवान महिला कर्मियों को यौन उत्पीड़न अधिनियम के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।कार्यशाला को संबोधित करते हुए गोविंद सिंह भंडारी कमांडेंट ने जवान महिला कर्मियों को अवगत कराया कि यह अधिनियम लोकसभा में 3 सितम्बर 2012 तथा राज्य सभा में 26 फरवरी 2013 को पारित हुआ और 23 अप्रैल 2013 को इसे अधिसूचित किया गया। यह अधिनियम इस बात को वैधता प्रदान करता है कि यौन उत्पीड़न के चलते संविधान के अनुच्छेद 14, 15 एवं 21 के तहत महिलाओं को हासिल समान्नत के मौलिक अधिकार का उल्लंघन होता है। इन अनुच्छेदों के अंतर्गत न्याय के समक्ष समानता का प्रावधान किया गया है तथा धर्म, जाति, नस्ल, लिंग और जन्मस्थान के आधार पर भेदभाव का निषेध किया गया है, जिससे कार्यस्थल पर महिलाओं को सुरक्षा प्रदान करता है और यौन उत्पीड़न रोकथाम और निवारण का प्रावधान भी करता है।

**DMIT टेस्ट** इसे ही Dermatoglyphics Multiple Intelligences Test (DMIT) कहा जाता है

# KYP सेंटर बरदाहा मे लगभग 30 छात्र और छात्राओं का किया गया DMIT टेस्ट



**सिकटी ।** KYP सेंटर बरदाहा मे Team Anmol Anand (Brain Development Workshop ) के फाउंडर अनमोल आनन्द और प्रोजेक्ट मैनेजर अजय कृष्ण दास जी ने लगभग 30 छात्र और छात्राओं का DMIT टेस्ट निःशुल्क किया , जिसमे मुख्य रूप से के KYP S.D.C. समन्वयक मो अहमद रज़ा, एजुकेशन फाउंडेशन के प्रखंड समन्वयक अखिलेश कुमार, प्राथमिक विद्यालय नरेश मंडल टोला ठेंगापुर शिक्षा सेवक शिकेंद्र सरदार मौजूद थे और उन्होंने भी अपना DMIT टेस्ट कराया और जिसमे अहमद जी ने KYP के सभी बच्चों का DMIT टेस्ट अपने संस्था के माध्यम से कराया जो सफलता पूर्वक संपन्न हुआ और कहा कि आगे भी इस तरह का सेवा अपने बच्चों के भविष्य के लिए जरूर करूंगा।

**DMIT टेस्ट क्यों है जरुरी-** प्रत्येक माँ बाप का यह स्वपन होता हैं कि उनका बच्चा बुद्धिमान हो, उच्च अभ्यास करने वाला हो और समाज में उच्च स्तर प्राप्त करने वाला बने.

यह बच्चा क्या अभ्यास करेगा, उसका भविष्य कैसा होगा आदि जानकारी के प्रति ज्यादा उत्सुकता रहती है. और अगर यह जानकारी बच्चे कि बाल्यावस्था में या अभ्यास के महत्वपूर्ण पड़ाव के पहले मिल जाये तो माँ बाप इस बहुमूल्य जानकारी का सही उपयोग करके अपने बच्चे को सही मार्गदर्शन, प्रोत्साहन एवं योग्य क्षेत्र में शिक्षा दिलाने का अच्छा प्रबंध करके उनके श्रेष्ठ भविष्य निर्माण में सहयोग कर सकते हैं.

पिछले कई सालों से इस प्रकार का मार्गदर्शन ज्योतिषशास्त्र की विभिन्न विधियों से किया जाता है लेकिन इस विधि में एक सामान रूपता नहीं पायी जाती है इसलिए इस विधि में पूर्णतया विश्वास करना थोडा कठिन होता है. परन्तु अब इस महान वैज्ञानिक विधि से फिंगर प्रिंट के माध्यम से बहुत ही आसानी से, पूर्णतया यकीनी मार्गदर्शन मिल सकता है. इसे ही Dermatoglyphics Multiple Intelligences Test (DMIT) कहा जाता है।

## प्रांगण रसोई में श्रद्धा भाव से पहुंच रहे लोग और अन्य संस्थाओं के भी सदस्य कर रहे सहयोग



**मधेपुरा ।**कला संस्कृति, पर्यावरण, स्वास्थ्य सहित सामाजिक सरोकारों से जुड़े अन्य कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने वाली संस्था प्रांगण रंगमंच की नई पहल प्रांगण रसोई के प्रति लोगों की अभिरुचि बढ़ने लगी है।

प्रांगण रंगमंच की अनुषांगिक संस्था प्रांगण रसोई द्वारा शनिवार को शहर की बड़ी दुर्गा मंदिर के बाहर लोगों को भोजन कराया गया। मंदिर परिसर में प्रसाद के रूप में खिचड़ी, चोखा, अचार का वितरण किया गया। भंडारे में आर्थिक सहयोग कोशी के लोकप्रिय गायक अर्जुन रॉकी और गायिका आरती आर्या ने वहन किया। अर्जुन रॉकी और आरती आर्या ने कहा कि प्रांगण रसोई ने शहर में अनूठी पहल शुरू की है। एक महीने में ही यह अभियान काफी लोकप्रिय बन गया है।

उन्होंने कहा कि यह अभियान सामाजिक समरसता और आपसी भाई चारे को बढ़ाने का बेहतरीन अभियान है। उन्होंने संस्था के सदस्यों के कार्यों की सराहना की। पूर्व वार्ड पार्षद विनीता भारती, मुकेश कुमार, अर्पणा कुमारी ने कहा कि प्रांगण रंगमंच का हर अभियान अनुकरणीय होता है। प्रांगण रसोई ने आपसी ताना बाना को मजबूत किया है।

युवाओं में सेवाभाव के साथ ही नेतृत्व क्षमता बढ़ाने का काम किया जा रहा है। संस्था के अध्यक्ष डॉ. संजय कुमार परमार ने बताया कि आठ जुलाई को गीतांजलि स्टूडियो के पप्पू कुमार, रंजीत कुमार के सौजन्य से जबकि 15 जुलाई को शुभम राज द्वारा भंडारा का आयोजन किया जाएगा। संस्था के संस्थापक सदस्य दिलखुश कुमार और अभिषेक सोनी, मुरारी सिंह, अक्षय केसरी ने कहा कि यह रसोई आमजनों के सहयोग से संचालित हो रही है।

उन्होंने प्रांगण रसोई में सहयोग करने वालों के प्रति आभार व्यक्त किया। मौके पर प्रो. प्रदीप झा, बबलू, मुन्ना कुमार, सोनू अहीर, विक्की विनायक, रंजित कुमार, पप्पू कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

## खास ख़बर

## नाला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रखंड प्रमुख ने किया पल्स पोलियो कार्यक्रम का उद्घाटन



**दैनिक शुभ भास्कर/सुष्मिता कुमारी/नाला/जामताड़ा/** रविवार को नाला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रखंड प्रमुख कलावती मुर्मू,प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर नदिया नंद मंडल के द्वारा राष्ट्रीय पल्स पोलियो कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर प्रखंड प्रमुख कलावती मुर्मू, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर नदिया नंद मंडल, डॉक्टर देवानंद प्रकाश, डॉ रामकृष्ण बाबू सहित अन्य चिकित्सकों ने भी संयुक्त रूप से विधिवत दीप प्रज्वलित कर तथा बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ नदियानंद मंडल ने जानकारी देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम में 0 से 5 आयु वर्ग के कुल 20616 बच्चे को पोलियो ड्रॉप से आच्छादित करने का लक्ष्य रखा गया इसके अलावा कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु 43 पर्यवेक्षकों की प्रतिनियुक्ति की गई है साथ ही 214 बूथ बनाए गए हैं एवं 427 टीका कर्मी वैक्सीनेटर की प्रतिनियुक्ति की गई है। इसके अलावा एक डीपू तथा 12 सब डिपू बनाए गए हैं। बताया कि आज प्रथम दिन एक्टिविटी तथा अगले 2 दिन घर घर भ्रमण करते हुए निर्धारित आयु वर्ग के बच्चे को पोलियो ड्रॉप से आच्छादित करना है। मौके पर डॉ0 रामकृष्ण बाबु, डॉक्टर गुनीता लोइटोंगबम, डॉक्टर दिवेंन्दू साहा, डॉक्टर विद्युत पंडित,लेखा प्रबंधक सूरज कुमार वर्मा, प्रधान सहायक जवाहरलाल झा, मलेरिया सुपरवाइजर अहमद रजा परवेज, संगणक गयासुद्दीन अंजाम, परवेज आलम, लैब टेक्नीशियन मोहसिन आलम, एएनएम इंगला कुमारी,भीम हाजरा सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

## 3 दिवसीय प्लस पोलियो कार्यक्रम का शुभारंभ,उप विकास आयुक्त ने बच्चे को पोलियो की पिलाई खुराक



**दैनिक शुभ भास्कर/मनीष बरणवाल/जामताड़ा/**रविवार को सदर अस्पताल जामताड़ा में प्लस पोलियो कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ उप विकास आयुक्त जामताड़ा श्री अनिलसन लकड़ा द्वारा किया गया। मौके पर उप विकास आयुक्त ने जिलेवासियों से अपने बच्चों को पोलियो की खुराक दिलाने का अपील किया। वहीं इस दौरान उप विकास आयुक्त एवं सिविल सर्जन ने बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाया गया। ज्ञातव्य हो कि जिले के सभी 0-5 वर्ष के बच्चों को पोलियो की खुराक देने हेतु 02 जुलाई से 04 जुलाई 2023 तक जामताड़ा जिला में प्लस पोलियो कार्यक्रम चलाया जा रहा है। प्लस पोलियो कार्यक्रम के पहले दिन बूथ स्तर बूथ दिवस का आयोजन कर जिलेभर में बच्चों को पोलियो की खुराक दी जानी है एवं अगले दो दिन घर घर जाकर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जायेगी। जिसमें जिले में लक्षित बच्चों की संख्या 1 लाख 29 हजार 112 है। सिविल सर्जन डॉ एस के मिश्र सहित सदर अस्पताल के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी आदि उपस्थित थे।

## कांग्रेस के चर्चित नेता रफीक शबनम का हुआ इंतकाल



**दैनिक शुभ भास्कर/ संवाददाता/ मधुपुर/ देवघर/**मधुपुर बाजार मोहल्ला बड़ी खाना रोड निवासी कांग्रेस के चर्चित नेता पूर्व कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रेड क्रॉस सोसाइटी के आजीवन सदस्य रफीक शबनम अब इस दुनिया में नहीं रहे। रफीक करीब 65 वर्ष के थे। वह काफी दिनों से बीमार चल रहे थे। उनकी अचानक मौत से शहर में खामोशी छा गई। मरहूम को 3 जुलाई सोमवार को पनाह कोला कब्रिस्तान में सुपुर्द ए खाक किया जाएगा। वह अपने पीछे भरे पुरे परिवार को छोड़कर अल्लाह के प्यारे हो गए। मरहूम को एक झलक देखने के लिए लोगों की भीड़ उनके आवास पर उमड़ पड़ी। वही मधुपुर के नवाब मोड़ नारायणपुर निवासी इसराइल अंसारी के बड़े बेटे शफीक अंसारी का भी दिल का दौरा पढ़ने से मौत हो गई। वह 35 वर्ष के थे।

# जामताड़ा के एक निजी बैंक में लोन दिलाने के नाम पर करोड़ों रुपए की हेराफेरी करने का सनसनीखेज मामला, दो बैंककर्मी गिरफ्तार

### पुलिस ने मामले में बैंक के सेल्स मैनेजर सहित दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है



**दैनिक शुभ भास्कर/मनीष बरणवाल/जामताड़ा/**निजी बैंक से लोन दिलाने के नाम पर खाताधारकों का खाता खोल अवैध तरीके से करोड़ों रुपए का ट्रांजैक्शन करने के मामले का खुलासा जामताड़ा में हुआ है। पुलिस ने मामले में बैंक के सेल्स मैनेजर सहित दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। करीब छह करोड़ रुपए का गलत ढंग से ट्रांजैक्शन करने का मामला बताया जा रहा है।लोन दिलाने के नाम पर सात लोगों का खोला गया था करंट अकाउंट~ मामला जामताड़ा आईसीआईसीआई बैंक शाखा का है। जहां लोन दिलाने के नाम पर करीब सात लोगों का करंट अकाउंट खुलवाया गया था। खाता खुलवाने के नाम पर उनके सारे डाक्यूमेंट्स ले लिए गए थे। तत्पश्चात करंट अकाउंट खोल कर खाते से करोड़ों रुपए का अवैध ट्रांजैक्शन किया गया।बैंक प्रबंधक ने खाताधारकों से की पूछताछ ~ जब इसकी भनक बैंक के प्रबंधक को लगी तो उन्होंने खाताधारकों से इसकी जानकारी प्राप्त की। पूछताछ में संतोष पंडित नाम के खाताधारक का पता चला। जब संतोष पंडित से मामले में पूछताछ की गई तो तो उसने मामले में अनभिज्ञता जाहिर की। खाता धारक को पता ही नहीं था कि उसके खाते से करोड़ों का ट्रांजैक्शन हो रहा है। इसके बाद मामले की शिकायत पुलिस से की। जब पुलिस ने मामले की तफ्तीश शुरू की तो पूरे मामले का खुलासा हो गया।बैंक के सेल्स मैनेजर समेत दो लोग गिरफ्तार~ पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए पीड़ित खाताधारक संतोष पंडित के लिखित बयान के आधार पर मामला दर्ज कर बैंक के सेल्स मैनेजर गौरव कुमार सिंह और उज्ज्वल महता नाम के दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. जबकि मामले में बिहार राज्य निवासी राज शुभम, अग्निवेश कुमार और भोलू कॉल नाम के तीन लोगों को अभियुक्त बनाया गया है।फिलहाल तीनों पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं।जानें क्या है पूरा मामलाः बताया जाता है कि गिरफ्तार आईसीआईसीआई बैंक शाखा के सेल्स मैनेजर गौरव कुमार और उज्ज्वल महता अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर कर भोले-भाले लोगों को बैंक से लोन दिलाने के नाम पर खाता खुलवाया और सारे डॉक्यूमेंट ले लिए। बताया जाता है कुल सात खाते खोले गए थे। सातों लोगों से सारे डॉक्यूमेंट लेकर करंट अकाउंट खोला गया था। जिसमें एक होमगार्ड भी शामिल है। लेकिन अचरज की बात यह है कि किसी खाताधारी को पता नहीं था कि उनके खाते में कितना ट्रांजैक्शन हो रहा है।करंट अकाउंट में करोड़ों रुपए का हो रहा था ट्रांजेक्शनः बताया जाता है कि करंट अकाउंट में करोड़ों का ट्रांजैक्शन हो रहा था और निकासी भी हो रही थी। इस बात का जब भंडाफोड़ होने के बाद मामला पुलिस तक पहुंचा। पुलिस ने जब कड़ाई से पूछताछ की तो पता चला कि बैंक के सेल्स मैनेजर गिरफ्तार उज्ज्वल महता कांड में शामिल है।पुलिस कर रही मामले की जांच~ कुल कितने राशि का अवैध तरीके से ट्रांजैक्शन किया गया है इसका खुलासा होना अभी बाकी है। खाता धारियों के खाते से कुल कितने करोड़ की राशि का अवैध तरीके से ट्रांजैक्शन किया है, कहां-कहां ट्रांजैक्शन हुआ है, कैसे ट्रांजैक्शन किया गया है और पैसा कहां से आता था, इसका फिलहाल खुलासा नहीं हो पाया है।जिसका पुलिस पता लगा रही है। कैमरे के सामने पुलिस ने कुछ भी बोलने से किया इनकार किया है।हालांकि इस पूरे मामले को लेकर पुलिस कैमरे के सामने कुछ भी बोलने से इनकार कर दिया. पुलिस ने बताया कि संतोष पंडित नाम के खाताधारक के लिखित बयान के आधार पर मामला दर्ज किया गया है. जिसमें 406, 420, 468 और 471 के तहत कुल चार लोगों को आरेपी बनाया गया है.

## हज़ारीबाग जिला पंचायत समिति सदस्य का एक एहम बैठक





**संवाददाता/ हजारीबाग सोहेल किरमानी/** हजारीबाग के शिवम शादी घर में हुई जिसमें लगभग प्रमुख उप प्रमुख छोड़कर सैकड़ों पंचायत समिति सदस्य शामिल हुए जिसमें इस बैठक की अध्यक्षता बृजेश सिंह तथा संचालन रितेश ठाकुर, ने किया साथ ही इस बैठक को सफल बनाने के लिए समीम अंसारी, विजय मधेसिया, मुकेश उपाध्याय, यूसुफ अंसारी बहराम हंसदा तथा और भी अन्य सदस्य सहयोग किए, तथा इस बैठक में महेन्द्र पाण्डे इचाक, उमेश कुमार साव चलकुशा, रंजीत कुमार बड़कागांव, कृष्णा रविदास बड़का गांव, आशा देवी चरही, मालती देवी चरही, सुरेश कुमार महतो सदर, काजल कुमारी चौपारण, लखन महतो बरकट्ठा, रामचंद्र साव बरकट्ठा, बच्चन देव बरकट्ठा राजकुमार गिरी बरकट्ठा मीना देवी पदमा बाबूलाल यादव चलकुशा घनश्याम पाठक विष्णुगढ़, उदित राम चालकुशा संगीता कुमारी बड़कागांव वगैरह काफी सदस्य उपस्थित थे, सरकार को हमलोग अल्टीमेटम देना चाहते हैं की अगर हम पंचायत समिति सदस्यों के जायज मांगों को जल्द नहीं माना गया तो उग्र आंदोलन होगा क्योंकी ना हमलोग का मानदेय और भता तथा पंचायती राज्य का पावर भी नहीं दिया गया है न ब्लॉक में कोई पदाधिकरी हमलोग का बात सुनता है ना किसी सरकारी योजना एवं कागजात पर हमलोग का हस्ताक्षर होता है न पूर्ण रुप से वित्तीय पावर दिया गया है सरकार से यह भी मांग किया गया है कि पंचायत अधिनियम के तहत जो पंचायत सदस्यों का अधिकार, है वो चिट्ठी अविलंब हर प्रखण्ड में उपलब्ध कराई जाए अगला बैठक पुनः हम पंचायत समिति सदस्यों का जोरदार तरीके से किया जायगा

## विफलताओं और घोटाले को छिपाने के लिए भाजपा आयोजित कर रही 'नौ साल बेमिसाल' कार्यक्रम- ई. रूबी परवीन



**पलासी ।** जिला युवा राजद की तेज तर्रार प्रवक्ता सह चहटपुर ग्राम पंचायत राज की मुखिया ई. रूबी शोएब उर्फ रूबी परवीन ने पत्रकारों से रूबरू होते हुए देश में महंगाई, घोटाला और बेरोजगारी के मामले पर सरकार पर हमला करते हुए कहा कि आज महंगाई आसमान छू रही है लोगों को एलपीजी का सिलेंडर 1250 का मिल रहा है। दाल 200, टमाटर 140 प्रति किलो तक पहुंच गई है।आज प्रदेश की जनता महंगाई बेरोजगारी और भ्रष्टाचार से इस कदर तंग है कि आने वाले लोकसभा की बेचैनी से विचार कर रही है ताकि भाजपा को सत्ता से बाहर किया जा सके। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के नौ साल सारी विफलताओं और घोटाले को छिपाने के लिये जगह जगह पर 'नौ साल बेमिसाल' के नाम पर भाजपा कार्यक्रम आयोजित कर एक बार फिर देश के लोगो को गुमराह कर ठगने का कार्य कर रही है। उन्होने कहा कि नौ साल के दरम्यान मोदी सरकार में जितनी विफलतायें हुई है

## कुंडहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पल्स पोलियो अभियान का किया गया शुभारंभ, जिप सदस्य रहे मौजूद



**दैनिक शुभ भास्कर/कुंडहित( जामताड़ा)/**रविवार को मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जिप सदस्य रीना मंडल के द्वारा उपस्थित बच्चों को पल्स पोलियो की दो बुंद पीलाकर पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया गया। मौके पर पूर्व जिला परिषद सदस्य भजहरी मंडल, डॉ बिनिता मुर्मू, डॉ उपलेन मुर्मू एंव प्रभारी बीपीएम सलीम खान द्वारा स्वास्थ्य केंद्र में उपस्थित नवजात शिशु को पल्स पोलियो पिलाया गया। इस दौरान पुर्व जिला परिषद सदस्य भजहरी मंडल ने कहा कि पूरे भारतवर्ष में पल्स पोलियो अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें शून्य से 5 वर्ष तक के बच्चों को पल्स पोलियो की दो बूंद पिलाया जा रहा है। यह बहुत ही महत्वपूर्ण अभियान है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार पल्स पोलियो को जड़ से मिटाने के लिए अभियान जो चलाया है वह एक सराहनीय अभियान है। उन्होंने कहा कि पल्स पोलियो हमारे देश में काफी मात्रा में फैला हुआ था जो सरकार के प्रयास से एवं सभी स्वास्थ्य कर्मी के प्रयास से यह महामारी बीमारी को जड़ से मिटाने में हम सब सफलता हासिल किए हैं। उन्होंने सभी प्रखंड वासियों को आग्रह करते हुए कहा कि शून्य से 5 साल के बच्चे को जरूर पोलियो की दो बूंद अवश्य पिलाए। मौके पर सुपरवाइजर, वैक्सीनेटर के अलावे स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

## शांतिपूर्ण माहौल में कदाचारमुक्त सम्पन्न हुई वाई एन पी डिग्री कॉलेज रानीगंज में डिग्री पार्ट 01 सब्सिडियरी की प्रथम दिन की परीक्षा



**रानीगंज।**वाई एन पी डिग्री कॉलेज रानीगंज परीक्षा केंद्र पर डिग्री पार्ट 1 सब्सिडियरी की प्रथम दिन की परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में कदाचारमुक्त सम्पन्न हुई।प्रधानाचार्य सह केंद्राधीक्षक डॉ अशोक कुमार आलोक के हवाले से सहायक केंद्राधीक्षक डॉ नूतन आलोक ने बताया कि प्रथम पाली में कुल 324 परीक्षार्थी सम्मलित हुए।आज प्रथम पाली में भूगोल सब्सिडियरी तथा द्वितीय पाली में पी. इको की परीक्षा थी।विश्वविद्यालय ने एम एल डी पी के यादव कॉलेज अररिया का परीक्षा केंद्र वाई एन पी डिग्री कॉलेज, रानीगंज में निर्धारित किया है।मुख्य प्रवेशद्वार पर केंद्राधीक्षक की उपस्थिति में महाविद्यालय कर्मियों द्वारा परीक्षार्थियों से मोबाइल, किताब, पूर्जा रखवा कर परीक्षाकेंद्र में प्रवेश करने दिया गया।केंद्राधीक्षक डॉ अशोक कुमार आलोक, सहायक केंद्राधीक्षक डॉ नूतन आलोक कदाचारमुक्त परीक्षा के लिए प्रत्येक कक्ष में सघन जांच करते दिखे। प्रोफेसर (डॉ)राजनाथ यादव, कुलपति, पूर्णिया विश्वविद्यालय पूर्णिया, के निर्देश के अनुपालन में कदाचार मुक्त परीक्षा के सफल संचालन में डॉ नूतन आलोक, प्रो सूर्यानंद सिंह, परीक्षा नियंत्रक सैफुल इस्लाम, सहायक परीक्षा नियंत्रक प्रो सुरेश प्रसाद यादव,प्रो इन्दु कुमारी ,प्रो प्रेमलाल शर्मा, प्रो भूषण कुमार यादव, प्रो बुद्धिनाथ सिंह, प्रो मनोज अम्बष्ठ, प्रो प्रमोद कुमार यादव, प्रो सुभाष चंद्र सिंह,रितेश राज, पृथ्वीचंद यादव, अनिल ठाकुर आदि सक्रिय थे ।

## भाजपा हमेशा लोगों के सम्पर्क में रहती है- ई. प्रभाष यादव



**मधेपुरा।**भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने पर संपर्क से समर्थन अभियान भाजपा ने चलाया है। वरीय भाजपा नेता ई. प्रभाष यादव ने बताया कि भाजपा संगठन का स्पष्ट तौर पर मानना है कि जब हम पब्लिक के बीच वोट मांगने जाते हैं, तो जीतने के बाद भी उनके पास पहुंचकर मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि उनसे लगातार संपर्क बना रहना चाहिए। इसलिए लगातार भाजपा के वरिष्ठ, कार्यकर्ता आम जनता के बीच ही रहते हैं। कहा कि परंपरागत रूप से जनता के बीच में रहने वाला हमारा दल है। भाजपा निरंतर कार्य करने वाली पार्टी है, ऐसा नहीं कि एक कार्यक्रम किया और फिर बैठ गई । कहा कि संपर्क से समर्थन अभियान में बुद्धिजीवियों से मिल रहे हैं, यह हमारा निरंतर चलने वाला कार्यक्रम है। इसके पहले हमने कमल पुष्प कार्यक्रम किया था। अभी हम प्रधानमंत्री मोदी जी की सरकार के सफलतम 9 वर्ष पूर्ण होने पर यह कार्य कर रहे हैं।

**पल्स पोलियो** अस्पताल उपाधीक्षक डॉक्टर मोहम्मद शाहिद ने बच्चों को दो बूंद पोलियो खिला पिलाकर अभियान आरंभ किया

# पोलियो की दो बूंद खुराक पिलाकर पल्स पोलियो अभियान का हुआ शुभारंभ, मधुपुर शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में 52589 बच्चों को पोलियो खुराक पिलाने का लक्ष्य



**दैनिक शुभ भास्कर/ संवाददाता/ मधुपुर/ देवघर/** रविवार को अनुमंडलीय अस्पताल में प्रखंड प्रमुख पद्मिनी देवी, विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद शाहिद उर्फ फेकू और अस्पताल उपाधीक्षक डॉक्टर मोहम्मद शाहिद ने बच्चों को दो बूंद पोलियो खिला पिलाकर पल्स पोलियो अभियान आरंभ किया।मौके पर प्रखंड प्रमुख पद्मिनी देवी ने सभी बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक पिलाने का आह्वान किया। विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद शाहिद ने कहा कि पल्स पोलियो को भारत से पूरी तरह समाप्त करना है। अस्पताल उपाधीक्षक डॉक्टर मोहम्मद शाहिद ने कहा कि 2 जुलाई को शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के आंगनबाड़ी केंद्र स्थित पोलियो बूथ पर 0 से 5 वर्ष के बच्चों को दो बूंद पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। जबकि 3 और 4 जुलाई को घर-घर जाकर पोलियो की खुराक बच्चों को पिलाना है। पोलियो अभियान को लेकर कुल 223 बूथ बनाया गया है। जिसमें शहरी क्षेत्र में 50 और ग्रामीण क्षेत्र में 173 बूथ का निर्माण किया गया है। 52589 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य है। जिसके लिए 28865 घर में स्वास्थ्य कर्मी जाकर 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाएंगे। अभियान की सफलता को लेकर 46 सुपरवाइजर जिसमें 9 शहरी क्षेत्र और 34 ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिनियुक्त किया जाएगा। वही वैक्सीनेटर के रूप में 346 पोलियोकर्मी ग्रामीण क्षेत्र में और 100 कर्मी शहरी क्षेत्र में पल्स पोलियो की दवा पिलाएंगे। कार्यक्रम की निगरानी के लिए 10 चिकित्सकों को पद नियुक्त किया गया है। मौके पर डॉक्टर इकबाल अंसारी, स्वास्थ्य कर्मी दामोदर वर्मा, अजय कुमार दास समेत कई लोग उपस्थित थे।

## 14 माह से फरार चल रहे साइबर ठग शाहिन अंसारी के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तहार



**दैनिक शुभ भास्कर/ संवाददाता/ मधुपुर/ देवघर/** मधुपुर पुलिस कस्टडी से फरार साइबर ठग के घर रविवार को मधुपुर थाना की पुलिस ने इस्तेहार चिपकाया। सर्वप्रथम मधुपुर थाना की पुलिस मार्गोमुंडा थाना गई।वहां कि पुलिस को साथ लेकर मिश्राटांड़ गांव गई । मारगोमुंडा पुलिस की मौजदूगी में ढोल नगाढ़ा बजाकर पुलिस कस्टडी से फरार साइबर ठग आरोपित शाहीन अंसारी उर्फ सगीर अंसारी के घर इश्तहार चिपकाया । पुलिस ने बताया कि वर्ष 2022 अप्रैल माह में मध्य प्रदेश की पुलिस साइबर ठग को गिरफ्तार कर रिमांड पर लेकर मधुपुर आई हुई थी।मधुपुर शहर के अग्रसेन भवन में आरोपित पुलिस कस्टडी में था।मध्य प्रदेश की पुलिस को चकमा देकर हथकड़ी सहित आरोपित फरार हो गया । मामले को लेकर मध्य प्रदेश पुलिस मधुपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी।इसके बाद मधुपुर पुलिस आरोपित की गिरफ्तारी को लेकर अनुसंधान में जुट गई।गिरफ्तारी नहीं होने पर न्यायालय से इश्तेहार वारंट लेकर उसके घर चिपकाया गया । इसके बाद भी आरोपित की गिरफ्तारी नहीं होती है तो आगे की कार्रवाई कुर्की जब्ती की जाएगी। इश्तिहार चिपकाने वाले टीम में मधुपुर थाना के सब इंस्पेक्टर अरविंद कुमार, एसआई मनोज कुजुर, सहायक अवर निरीक्षक रोबिन बेसरा समेत मार्गोमुंडा थाना

## ख़ास ख़बर

## कटिहार के बरारी में जमीनी विवाद को लेकर 65 वर्षीय व्यक्ति को गोली मारकर किया घायल, पूर्णिया में घायल का चल रहा इलाज






**दैनिक शुभ भास्कर/जिला ब्यूरो चीफ/रूपेश मिश्रा/**बरारी थाना क्षेत्र के लक्ष्मी पूर पंचायत अंतर्गत पावर हाउस कर्मा पोखर के पास 4 लोगों ने ई रिक्शा से आ रहे 65 वर्षीय किसान प्रमोद शर्मा को रोककर उसके सर पर गोली मार दी। गोली मारने के बाद चारों वहां से फरार हो गए। इधर ई रिक्शा चालक के द्वारा इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस घटनास्थल पहुंचकर घायल व्यक्ति को इलाज के लिए उप स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। वहीं इस घटना की जानकारी उनके परिजनों को भी दी गई। उप स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर इलाज के लिए पूर्णिया हायर सेंटर व्यक्ति को रेफर कर दिया। पूछे जाने के दौरान घायल प्रमोद शर्मा ने बताया कि बरारी थाना में जनता दरबार का आयोजन किया गया था और उनका भूमि विवाद विभूति यादव से चल रहा था। जिसे लेकर वह बरारी थाना जनता दरबार में जाकर आवेदन दिए थे। जिसकी भनक उनके प्रतिद्वंद्वियों को लग गया जब वह थाना में लगे जनता दरबार में आवेदन देकर ई-रिक्शा से अपने घर वापस लौट रहे थे इसी दौरान पावर हाउस के समीप पहले से घात लगाए अमित कुमार, पुनीत कुमार, विभूति यादव और एक अन्य युवक उनका ई-रिक्शा रोककर उनके सर पर गोली मार दिया?। गोली लगने के कारण वह गंभीर रूप से घायल हो गए। वही चिकित्सकों ने बताया कि व्यक्ति के सर में गोली फंसी हुई है और इस गोली को निकालने के लिए बेहतर इलाज के लिए पूर्णिया हायर सेंटर रेफर किया गया है इधर पुलिस घटना के अनुसंधान में जुट गई है।.

## कटिहार के चिलमारी गांव में सरकारी राशन नहीं मिलने पर ग्रामीणों ने किया जमकर हंगामा, डीलर ने अंगूठा ले लिया लेकिन राशन नहीं






**दैनिक शुभ भास्कर/जिला ब्यूरो चीफ/रूपेश मिश्रा/**मुफस्सिल थाना क्षेत्र के चिलमारी गांव में हुए इस हंगामे के बारे में स्थानीय ग्रामीण मोहम्मद शरीफ ने बताया कि पिछले 2 माह से उन्हें सरकारी राशन डीलर लक्ष्मी पासवान की ओर से नहीं दिया गया। जबकि उन्होंने अंगूठे का निशान मशीन पर ले लिया। जब राशन लेने आ रहे हैं तो यह कहते हैं कि इनके पास राशन ही नहीं। राशन नहीं मिलने के कारण चिलमारी गांव के सभी ग्रामीण डीलर के पास पहुंचकर राशन देने का मांग कर रहे थे। राशन नहीं मिलने पर ग्रामीणों ने जमकर हंगामा भी किया इस दौरान ग्रामीणों ने डीलर के साथ मारपीट भी की। लगभग 3 घंटों तक ग्रामीणों का हंगामा बरकरार था। बता दें कि डीलर लक्ष्मी पासवान की ओर से सभी ग्रामीणों को सुबह 6:00 बजे ही राशन देने के लिए बुलाया गया था। लेकिन 10:00 बज गए डीलर की ओर से दुकान नहीं खोला गया।

# झारखण्ड के कलाकार जिसने अपने अभिनय के दम पर बॉलिवुड में मचाया धमाल





**संवाददाता /हज़ारीबाग सोहैल किरमानी/** झारखंड-बंगाल के बॉर्डर पर स्थित बोकारो जिला अंतर्गत चंदनकियारी जैसे पिछड़े और छोटे गांव की गलियों में विभिन्न धार्मिक और सामाजिक आयोजनों के दौरान स्टेजों में अपनी कलाकारी का बेहतर प्रदर्शन कर लोगों का मनोरंजन करने वाले कलाकार जनार्दन झा उर्फ़ जेजे ने अपनी दृढ़-इच्छाशक्ति के साथ मेहनत और लगन के बदौलत अपने विलक्षण अभिनय प्रतिभा को न सिर्फ़ पहचाना बल्कि गांव की गलियों के स्टेज शो में मिले लोगों के प्यार और दुलार को अपनी ताकत बनाकर आगे बढ़े और आज माया नगरी मुंबई में रहकर बॉलीवुड में धमाल मचा रहे हैं। यूं तो बॉलीवुड में इनकी पहचान एक हास्य कलाकार के रूप में है लेकिन किसी भी किरदार को बड़े ही जीवंत तरीके से करने का इनका का तरीका अनोखा है ।झारखंड के बोकारो जिला अंतर्गत चंदनकियारी निवासी स्व.सुनील कुमार झा के पुत्र जनार्दन झा एक मध्यमवर्गीय परिवार से ताल्लुक रखते हैं। बचपन से ही कला के क्षेत्र में इनकी विशेष रुझान रही है। इन्होंने अपनी स्कूलिंग शिक्षा चंदनकियारी +2 हाई स्कूल से किया है। कॉलेज की पढ़ाई राम लखन कॉलेज, रांची से इन्होंने किया। स्कूल के दिनों से ही पढ़ाई से अधिक कला के क्षेत्र में इनका रुझान रहता था। जनार्दन झा के अनुसार स्कूल के छोटे-छोटे कार्यक्रमों में अपने अभिनय कला का प्रदर्शन कर सहपाठियों और शिक्षकों का दिल जीतना और फिर गांव गलियों के धार्मिक आयोजनों जैसे काली पूजा- दुर्गा पूजा- लक्ष्मी पूजा में स्टेज परफॉर्मेंस के जरिए दर्शकों का प्यार पाना जीवन का मकसद बन गया। फिर कॉलेज के दिनों में यूथ फेस्टिवल में भाग लेना और राजधानी रांची में विभिन्न धार्मिक और सामाजिक आयोजनों के दौरान अपने कला का प्रदर्शन कर लोगों को अपनी ओर आकर्षित करना अपनी दिनचर्या में शुमार हो गई ।जनार्दन झा राजधानी रांची में ही थिएटर से जुड़ गए और एक कॉमेडी कलाकार के रूप में काम करने लगे। इसी बीच साल 2015 में जब झारखंड की धरती के लाल भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रहे महेंद्र सिंह धोनी के जीवनी पर नीरज पांडेय ग्रुप द्वारा बॉलीवुड फिल्म एम एस धोनी बनाया गया तो इसमें जनार्दन झा का चयन हुआ। यहीं से शुरू हुई जनार्दन झा के बॉलीवुड के सफर की शुरुआत। फिल्म एम एस धोनी में जनार्दन झा ने ट्रेवल एजेंट के गैराज मालिक का किरदार अदा किया। उनके इस किरदार को लोगों ने खूब पसंद किया और फिर जनार्दन झा ने ठान लिया कि बॉलीवुड में अपनी एक पहचान बनानी है। फिर रांची से मायानगरी मुंबई में उन्होंने दस्तक दिया। लगातार ऑडिशन और मेहनत के साथ संघर्षरत रहे। जिसका प्रतिफल हुआ कि धर्मा प्रोडक्शन से करण जोहार ने आयुष्मान खुराना के साथ ऐड फिल्म में इन्हें लीड रोल दिया जो सुपर- डुपर हिट रहा। इसके बाद लगातर कई बॉलीवुड फिल्म, वेब सीरीज, टीवी सीरियल और एड में कई महान हस्तियों के साथ काम करके इन्होंने अपने अभिनय का लोहा मायानगरी मुंबई में भी मनवाया। हाल ही में इन्होंने शताब्दी के महानायक अमिताभ बच्चन के साथ काम किया। झारखंड के इस लाल के एक्टिंग को देख अमिताभ बच्चन भी इनके कायल हो गए और इनके अभिनय की स्वतंत्र कंठ से प्रशंसा की ।जनार्दन झा को बॉलीवुड में लोग जेजे के नाम से पुकारते हैं। जेजे ने नीरज पांडेय की फिल्म एम एस धोनी के अलावे टी- सीरीज की एंड एक्शन हीरो, महेश भट्ट और विक्रम भट्ट की फिल्म जुदा होके भी, अशोक नंदा की वन डे, प्रकाश झा की परीक्षा, ऑस्कर, माया का बदला, तीनों बहन का एक सपना, त्रिभुवन मिश्रा सीए टॉपर, सेक्टर 36 सीरिज के अलावे कई वेब सीरीज में काम किया जो नेटफ्लिक्स, जी-5 और अमेज़न प्राइम में छाए रहा। जनार्दन झा ने टीवी सीरियल कुमकुम भाग्य, कुंडली भाग्य, मैडम सर, यह है चाहते, नागिन, तारक मेहता का उल्टा चश्मा, मेरी सांस भी बहुत है, परिणीति, ये बंधन टूटे ना, इमली, क्राइम पेट्रोल, सावधान इंडिया सहित कई अन्य टीवी ऐड में बॉलीवुड के बड़े-बड़े हस्तियों के साथ कार्य किया ।कल तक मेरे जिस घुंघराले बाल पर हंसते थे लोग, आज कर रहें हैं गर्व- जनार्दन झा "हर इंसान के अंदर विलक्षण प्रतिभा विद्यमान है बस हमें उसे पहचानने की जरूरत है कि हम किस क्षेत्र में बेहतर कर सकते हैं। कई बार लोग हमें लेकर मजाक उड़ाते हैं लेकिन लोगों की बातों को नजरअंदाज कर हमें अपने कर्तव्यपथ पर निष्ठापूर्वक अग्रसर रहना चाहिए, तो एक दिन पहचान के साथ सफलता भी अवश्य मिलती है।" उक्त बातें बॉलीवुड के नामचीन कलाकर जनार्दन झा उर्फ़ जेजे ने हजारीबाग सदर विधायक मनीष

**कभी गांव गलियों के स्टेज में करते थे लोगों का मनोरंजन, अब एक्टिंग से बॉलीवुड सितारों के भी जीत रहें है दिल**

**अपने गठीले शरीर, घुंघराले बालों और अनोखे अभिनय के दम पर जेजे ने मुंबई में बनाई अलग पहचान**

जायसवाल के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी से विशेष बातचीत करते हुए कही। उन्होंने बताया कि हमारे गठीले शरीर और घुंघराले बालों को लेकर कल तक जो लोग मजाक उड़ाते थे आज वहीं हमारे कार्य पर गर्व करते हैं। जनार्दन झा ने अपने अबतक की सफलता के लिए अपनी मां के आशीर्वाद और बड़े भाई बापी ओझा के साथ को याद करते हुए कहा की इनके समर्थन और सहयोग के बिना ये बिल्कुल भी मुमकिन नहीं था। उन्होंने कहा की उनका लक्ष्य होगा की अपने अभिनय कला के दम पर झारखंड का नाम देश दुनिया में रोशन करें ।

## भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ तहसील इकाई सिकंदरपुर की बैठक संपन्न



**सिकन्दरपुर, बलिया:** भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ तहसील इकाई सिकंदरपुर की बैठक का आयोजन जिलाध्यक्ष अजीत पाठक के निर्देश पर कैंप कार्यालय पर किया गया, जिसमें आगामी 15 जुलाई को स्थापना दिवस को लेकर चर्चा किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि वृहद पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन स्थापना दिवस के अवसर पर किया जाएगा साथ ही मरीजों के बीच संगठन के द्वारा फल वितरण का कार्यक्रम किया जाएगा। बैठक में प्रमुख रूप से गोरखपुर मंडल प्रभारी धीरज मिश्रा, संजीव सिंह, संतोष कुमार शर्मा, दीलिप सिंह, अतुल राय, अंगद कुमार, गौहर खान, निकेश राय, गोपाल प्रसाद, आशिफ, विनोद गौतम, राघवेंद्र सिंह, रेयाज, जितेंद्र आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष विनोद गुप्ता व संचालन अभिषेक तिवारी ने किया।

## चिकित्सक दिवस के मौके पर डॉक्टरों को किया गया सम्मानित



**सिकंदरपुर,बलिया।** एसबीआई लाइफ़ द्वारा चिकित्सक दिवस के मौके पर सिकंदरपुर के वरिष्ठ चिकित्सकों को डॉ भारती सिंह, डॉक्टर नदीम इकबाल, डॉ आशुतोष गुप्ता, डॉ रविंदर वर्मा ,डॉक्टर दीना प्रसाद आदि को सम्मानित किया गया। इस मौके पर इकराम अली एजेंसी मैनेजर ने बताया कि चिकित्सकों को भगवान का दूसरा रूप कहा जाता है।उन्होंने कहा कि मौसम चाहे कैसा भी हो ये अपने कर्तव्य से कभी अपने पीछे नही हटते है।रात दिन किसी भी बीमार व्यक्ति की सेवा के लिए तत्पर रहते है। हमें चिकित्सक बंधुओं का सदैव सम्मान करना चाहिए।

## लगातार बरसात होने के कारण नाली का पानी सर पर




**सिकंदरपुर,बलिया।**पिछले दो दिनों से लगातार पड़ रही मूसलाधार बारिश के कारण सड़को पर पानी लग गया है। नगर के मोहल्ला डोमनपूरा, बढ़ूढ़ा, रहिलापाली तथा बस स्टेशन मार्ग के काली मंदिर के समीप सड़क पर घुटने तक पानी लग जाने के कारण नगर के भीतरी भाग में घरों में पानी घुसने शुरू हो गया है। वहीं, नगर वासियों का कहना है कि बारिश से पूर्व ही नालियों को साफ कराने के लिए कहा गया था लेकिन नालियों के साफ नहीं कराए जाने के कारण बरसात का पानी अब सड़कों पर जमा होने लगा है। वैसे बारिश में लगे पानी में बच्चे नहाते हुए भी दिखे। वहीं, लोग घरों से बाहर निकल कर किसी तरीके से पानी को घरों से बाहर निकलने का प्रयास करते रहे। वहीं, नगर वासियों ने मांग किया है कि तत्काल नालियों को साफ करा दिया जाए जिससे कि बारिश में और दिक्कत झेलना पड़े।

**सम्मानित** जिले भर के विभिन्न पंचायतों के 100 से अधिक मुखिया किए गए सम्मानित

## जनप्रतिनिधियों के उत्कृष्ट कार्यों को लेकर आईसेक्ट विश्वविद्यालय की ओर से सम्मान समारोह का आयोजन






**संवाददाता /हज़ारीबाग सोहैल किरमानी/हजारीबाग।** पंचायतों के विकास से ही देश का विकास संभव है। ऐसे में देश की तरक्की में पंचायतों की भूमिका अहम हो जाती है।

इसी के मद्देनजर रविवार को आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग की ओर से हजारीबाग जिले के विभिन्न पंचायतों के रहनुमाई करने वाले मुखिया एवं मुखिया प्रतिनिधियों के लिए तरबा-खरबा स्थित विश्वविद्यालय के मुख्य कैंपस सभागार में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें सदर, बरही, बड़कागांव, बरकट्ठा, चलकुशा, डाड़ी, केरेडारी, चुरचु, दारू, विष्णुगढ़, चौपारण, इचाक, पदमा, कटकमसांडी, कटकमदाग व टाटीझरिया प्रखंड के विभिन्न पंचायतों के 100 से अधिक मुखिया, मुखिया प्रतिनिधियों व समाजसेवियों को आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक, कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद व डीन एडमिन डॉ एसआर रथ के हाथों सम्मानित किया गया। इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरुआत विश्वविद्यालय में पदस्थापित संगीत की प्राध्यापिका कुमारी सीमा के स्वागत गान से हुई। इस दौरान वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग एचओडी रितेश कुमार अपनी रूहानी आवाज़ की जादू बिखेरी, जिनके गीत ने खूब वाहवाही बटोरी। मौके पर मौजूद विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कहा कि भारत एक कृषि प्रधान देश है और आधे से अधिक आबादी गांवों में बसती है। ऐसे में गांवों का विकास अहम है और इन गांवों व पंचायतों को तरक्की की राह पर अग्रसर करने में अहम भूमिका निभाने वाले मुखिया, मुखिया प्रतिनिधियों व समाजसेवियों की भूमिका महत्वपूर्ण है।

## बिहार सरकार बिहारी युवाओं की हकमारी कर रही है जिसे बर्दाश्त नहीं किया जायेगा- डाक्टर विजय



**किशनगंज 2 जुलाई (अली रजा)/** बिहार के शिक्षक अभियार्थियों का डोमिसाइल को लेकर विरोध प्रदर्शन बिल्कुल वाजिब है। बिहार सरकार ने शिक्षक बहाली नियमावली में पन्द्रह से बीस दिनों में आठ से नव बार संशोधन कर चुकी है। अगर देश के सभी राज्यों के लोगों को शिक्षक बहाली के लिए लाया जायेगा तो पढे लिखे बिहारी बेरोजगार युवाओं का किया होगा ? लिहाजा बिहारी युवाओं की यह हकमारी काबिले कबूल नहीं है यह हकमारी होने नहीं दि जायेगी । उक्त बातें जनस्वराज पार्टी के नेता एवम किशनगंज जिला के प्रसिद्ध डाक्टर श्री विजय कुमार ने आज यहाँ अपने एक बयान में कहीं। डाक्टर विजय कुमार ने कहा कि ईस संबंध में बिहार सरकार के शिक्षा मंत्री ने जो बयान दिया है वह शर्मनाक है और शिक्षा मंत्री का बयान जिसमें उन्होंने कहा है कि बिहार में अंग्रेजी, साइंस इत्यादी के टीचर नहीं मिलते हैं।

शिक्षा मंत्री का यह बयान पुरे बिहारियों का अपमान है। डाक्टर विजय कुमार ने कहा कि बिहार में योग्यताओं की कमी नहीं है आवश्यकता है उन्हें जानने और पहचानने की ।उन्होंने कहा कि बिहारी युवाओं की यह हकमारी बर्दाश्त नहीं की जायेगी हम शिक्षक अभियार्थियों के साथ हैं।अगर बिहार सरकार अपने तानाशाही फैसले को वापस ले और शिक्षक बहाली में केवल बिहारी युवाओं को मौका मिले अगर बिहार सरकार ने जल्द ईसपर गौर नहीं किया तो आन्दोलन और भी तेज होगा जिसमें ना केवल शिक्षक अभियार्थी शामिल होंगे बल्कि पूरे बिहार की जनता इस आन्दोलन का हिस्सा बनेगी।

# ख़ास ख़बर

## लक्ष्य कार्यक्रम के अन्तर्गत सीएचसी खेरवाड़ा को मिला राज्य स्तर पर सम्मान

**दैनिक शुभ भास्कर/सुनील कुमार मिश्रा/राजस्थान/ उदयपुर/**मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शंकर एच बामनिया ने बताया कि लक्ष्य कार्यक्रम के अंतर्गत सत्र 2022 -23 में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खेरवाड़ा का प्रमाणीकरण हुआ था । इसके अंतर्गत आज राज्य स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में इसे प्रमाण पत्र एवं प्रोत्साहन राशि दी गई। लक्ष्य कार्यक्रम लेबर रूम में गुणवत्ता बढ़ाने से संबंधित कार्यक्रम है जिसे राष्ट्रीय स्तर पर मानक निर्धारित कर उसे प्रमाणित किया जाता है। इसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खेरवाड़ा ने सभी मानको पर खरे उतरते हुए सारे मापदंड पूर्ण किए थे। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के निदेशक जितेंद्र सोनी ने प्रमाण पत्र प्रदान किए ,जिला स्तर से मोहम्मद हुसैन बोहरा ने प्रमाण पत्र प्राप्त किया। सीएमएचओ डॉ बामनिया ने बताया कि इस वर्ष भी कुछ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लक्ष्य कार्यक्रम के तहत प्रमाणीकरण किया जाना है उनकी तैयारियां पूर्ण हो चुकी है और राष्ट्रीय स्तर की टीम द्वारा निरीक्षण करने पर उन्हें भी प्रमाणीकृत किया जाएगा।खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अरुण मीणा ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खेरवाड़ा के चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ अनिल गोयल पिछले कुछ वर्षो से डिलीवरी एवं नसबंदी में अपनी उत्कृष्ट सेवाएं दे रहे हैं । इस वर्ष एन क्यू ए एस में भी प्रमाणीकरण करवाने हेतु तैयारी की जा रही है।

## आर सी एच प्रश्नोत्तरी में उदयपुर राज्य में प्रथम स्थान पर



**दैनिक शुभ भास्कर /विशाखा व्यास /राजस्थान /उदयपुर/** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शंकर एच बामनिया ने बताया कि निदेशालय स्वास्थ्य विभाग जयपुर द्वारा ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी में निदेशक आरसीएस द्वारा पूछे गए प्रश्नों के जवाब में उदयपुर के स्वास्थ्य विभाग के 2109 चिकित्सा अधिकारी,एल एच वी,ए एन एम, स्वास्थ्य सुपरवाइजर, आशा सहयोगिनीयो सहित अन्य कर्मचारियों ने भाग लिया जो राजस्थान में प्रथम है।प्रत्येक सप्ताह महिला एवं शिशु स्वास्थ्य पर आधारित प्रश्नों को इसमें पुछा जाता है जिसका अधिक से अधिक स्वास्थ्य कर्मी भाग लेते हैं।आर सी एच ओ डॉ अशोक आदित्य ने बताया कि इसमें बच्चों को लगाये जाने वाले टीको से संबंधित और महिलाओं के स्वास्थ्य संबंधी प्रश्न होते हैं।

## जनसंख्या स्थिरता पखवाड़े का आयोजन

**दैनिक शुभ भास्कर/ सुनील कुमार मिश्रा/ राजस्थान /उदयपुर/**स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार विश्व जनसंख्या दिवस के उपलक्ष में 14 दिवसीय पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है ।27 जून से 10 जुलाई की अवधि में योग्य दंपतियों में सीमित परिवार और बच्चों में अंतराल रखने के प्रति जागृति पैदा करने के लिए मोबिलाइजेशन पखवाड़ा ( दंपत्ति संपर्क पखवाड़ा )तथा 11 जुलाई से 24 जुलाई की अवधि में जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा (परिवार विकास मेला) का आयोजन किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शंकर एच बामनिया ने बताया कि इस बार विश्व जनसंख्या दिवस आजादी के अमृत महोत्सव में 'हम ले यह संकल्प, परिवार नियोजन को बनाएंगे खुशियों का विकल्प' की थीम पर पखवाड़ा मनाया जाएगा। जिले में जनसंख्या स्थिरीकरण हेतु आयोजित गतिविधियों में मोबिलाइजेशन पखवाड़ा के अंतर्गत लाभार्थियों को सीमित परिवार की अवधारणा के लाभ को विभागीय कर्मचारियों द्वारा घर-घर जाकर बताए जाएंगे विवाह की सही उम्र 21 वर्ष एवं विवाह के पश्चात कम से कम 2 वर्ष बाद पहला बच्चा, पहले व दूसरे बच्चे में 3 वर्ष का अंतराल ,प्रसवोत्तर एवं गर्भपात पश्चात परिवार कल्याण सेवाएं पीपी आईयूसीडी ,पी ए आईयूसीडी, नसबंदी, अंतरा इंजेक्शन और पुरुषों की परिवार नियोजन में सहभागिता पर आमजन को जागरुक करते हुए परिवार नियोजन साधन अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ रागिनी अग्रवाल ने बताया कि निदेशालय से प्राप्त निर्देशानुसार सी एच ओ, ए एन एम ,आशा व फील्ड स्टाफ से सर्वे करवाकर लाभार्थियों तक सुविधाएं पहुंचाई जाएगी।जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा के अंतर्गत मोबिलाइजेशन पखवाड़े में जिन लाभार्थियों को परिवार नियोजन सेवाएं लेने के लिए प्रेरित किया जाएगा उन्हें चिकित्सा संस्थानों पर बुलाकर परिवार नियोजन की सेवाएं प्रदान करवाई जाएगी।

## कांवरियों के लिए इस बार एनएच 80 का राह आसान नहीं, सड़के हो गई है गड्ढों में तब्दील, गड्ढे बन गए हैं तालाब,6 घंटे का रास्ता तय करने में कांवरियों को लगेंगे कई घंटे





**भागलपुर,रिपोर्ट=शैलेन्द्र कुमार गुप्ता/**भागलपुर, पवित्र सावन मास को महज तीन दिन शेष हैं। इस बार पूर्वांचल के कांवरिया श्रद्धालुओं को सुईया पहाड़ से भी तकलीफ भरे रास्तों से गुजरना पड़ेगा। दरअसल भागलपुर के नाथनगर के दोगच्छी से सुल्तानगंज के अकबरनगर के बीच एनएच 80 की स्थिति बदतर है। सड़क चौड़ीकरण कर निर्माण किया जा रहा है। सावन से पूर्व सड़क को मोटरेबल करने के निर्देश दिए गए थे लेकिन सड़क कीचड़ में तब्दील हो चुका है, जगह जगह वाहन फंस रहे हैं। इस रास्ते से पूर्णिया, कटिहार, किशनगंज, गोड्डा, मिर्जाचौकी, बंगाल, नेपाल समेत कई जिलों से हजारों कांवड़िया जल भरने के लिए अपने वाहनों से सुल्तानगंज पहुंचते हैं लेकिन कांवड़ियों के लिए इस बार राह आसान नहीं है। 6 किलोमीटर की दूरी तय करने में लोगों के पसीने छूट जा रहे हैं।

जहाँ सड़क है वह गड्ढे में तब्दील है बारिश के बाद गड्ढा तालाब बन जाता है ऐसे में श्रद्धालुओं को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। सड़क पर आवाजाही कर रहे लोग प्रशासन को कोसते नजर आ रहे हैं। प्रशासन को यह मालूम था कि इस रास्ते से कांवरियों का जत्था सुल्तानगंज पहुँचता है बावजूद सड़क खोद कर एश और बालू दिया गया जब सावन नजदीक आया तो सड़क को मोटरेबल करने की बात कही गयी थी लेकिन काम नहीं हो सका। हम आपको बता दें कि मुंगेर के घोरघट से झारखंड के मिर्जाचौकी तक 97 किलोमीटर के सड़क का निर्माण 883 करोड़ की लागत से कराया जा रहा है। सड़क दस मीटर चौड़ी और पीसीसी ढलाई वाली बनाई जा रही है। दो पैकेज में सड़क का निर्माण किया जा रहा है। 2024 तक इसे पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने बताया कि सुल्तानगंज से भागलपुर के एन एच का काम चल रहा है लेकिन अभी जब तक सावन है तब तक यह काम आगे नहीं बढ़ेगा इसी काम को जल्द दुरुस्त किया जाएगा, जिससे कांवरियों को किसी तरह की परेशानी ना हो। राहगीर इंद्रजीत कुमार ने बताया कि इस बार कांवरियों को ऐसे राह से सफर करना काफी कठिनाइयों का सबब हो सकता है क्योंकि 6 किलोमीटर तक सड़क ही नहीं है सड़क पर गड्ढे बन गए हैं और गड्ढे तालाब में तब्दील हो गए हैं प्रशासन को चाहिए था कि सावन में इधर से लाखों कावरिया गुजरते हैं इसलिए इसे उसी तरह काम करना था जिस तरह कांवरियों को किसी तरह की कोई परेशानी ना हो। छोटू चौधरी राहगीर ने बताया कि 6 किलोमीटर पूर्णरूपेण सड़क नहीं है जिसके चलते काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है लोग ना तो भागलपुर से सुल्तानगंज जा पा रहे हैं और ना ही सुल्तानगंज से भागलपुर लोग आप आ रहे हैं कि यह दोगे अच्छी से सुल्तानगंज अकबरनगर का रोड पूर्णरूपेण बुरी स्थिति में है कांवरियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ेगा जो कांवरिया 24 घंटे में भागलपुर से सुल्तानगंज पहुंचते थे उन्हें शायद 2 दिन लग जाएगा और देवघर जाने वालों को तो और भी परेशानी झेलनी होगी।

## ट्रिपल आईटी और बीएयू ने मिलकर बनाया एक ऐसा ऐप जिससे किसान अपनी फसल के बीमारियों का लगा सकेंगे पता




**भागलपुर=** भारत एक कृषि प्रधान देश है. लेकिन अधिक साधन नहीं होने के कारण यहां के किसानों को अधिक मुनाफा नहीं हो पाता है। लेकिन अब ट्रिपल आईटी और बीएयू दोनों ने मिलकर एक एप बनाया है। इस एप के माध्यम से किसान अपनी फसल के बीमारी का पता लगा सकते हैं। इतना ही रोग के साथ साथ अब उसके उपचार के बारे में भी जानकारी यह एप देगा। आपको बता दें कि ट्रिपल आईटी व बीएयू ने मिलकर ई निरोग नामक एप बनाया है. इसमें ग्यारह तरह के फसलों के बारे में जानकारी दी जाएगी। अगर किसी फसल के पत्ते में छिद्र हो जाता है, तो उसकी तस्वीर लेकर एप्प में अपलोड करेंगे। ई निरोग एप्प सॉफ्टवेयर की मदद से उसकी जानकारी देगा साथ ही उसके उपचार के बारे में बताएगा। उपचार जानने के बाद किसान अपने नजदीकी कृषि केंद्र या दुकानों से दवाइयां ले सकेंगे।

इससे अब किसानों को काफी सहूलियत होगी। पहले फसलों में बीमारी होने के बाद उसकी जानकारी और उपचार के लिए किसानों को जद्दोजहद करना पड़ता था। ट्रिपल आईटी के निदेशक प्रोफेसर अरविंद चौबे ने बताया कि बीएयू के कुलपति ने ये बताया था कि किसान जब अपने खेतों पर जाते थे उनके फसल सूखे मिलते है या पत्तों में छिद्र होते हैं इसके बाद किसानों को जल्द उनकी समस्या का निदान नहीं मिलता है। इसलिए ऐसा सॉफ्टवेयर बनाइये की उन्हें जानकारी मिल जाये। इसके बाद ट्रिपल आईटी के फैकल्टी ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित सॉफ्टवेयर विकसित किया। इससे ये फायदा होगा कि किसान जब खेत पर जाएंगे जो पौधा इन्फेक्टेड मिलेगा उसकी तस्वीर लेकर अपलोड करेंगे इसके बाद उन्हें सारी जानकारियां मिल जाएगी।इससे किसानों की खेती आसान हो जाएगी। समय पर बीमारी का उपचार मिल सकेगा। पैदावार भी इससे अच्छा होगा। इस एप में गेहूं, मक्का, धान सहित कई तरह के फसल के बारे में जानकारी देगा।

## लायंस क्लब ऑफ भागलपुर रॉयल ने अपने नये लायन सत्र 2023-2024 का शुभारंभ आज नेशनल डॉक्टर्स डे एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट डे मना कर किया





**भागलपुर/**लायंस क्लब ऑफ भागलपुर रॉयल ने अपने नये लायन सत्र 2023-2024 का शुभारंभ आज नेशनल डॉक्टर्स डे एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट डे मना कर किया।इस अवसर पर शहर के सुविख्यात 11 चिकित्सक एवं 3 ष्ट को रॉयल लायंस द्वारा सम्मानित किया गया। सभी को संस्था ने अंगवस्त्र के साथ साथ स्मृति चिन्ह प्रदान किए और उनके द्वारा किए जा रहे जनउपयोगी और राष्ट्र निर्माण के कार्यों के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।


सम्मानित किये गये चिकित्सकों में डा. आशुतोष रंजन, डा. आशुतोष कुमार, डा. मोना गोयल, डा. कुमार गौरव, डा. कुमार सौरव, डा. प्रणव कुमार, डा. कौशल किशोर, डा. नितीश चंद्र दुबे, डा. अन्वेषा, डा. अमरेंद्र कुमार एवं डा. दयानंद सिंह थे। ष्ट रवि राजगढ़िया, ष्ट निधि राजगढ़िया एवं ष्ट राकेश खेमका को भी संस्था ने सम्मानित किया।इस अवसर पर रॉयल अध्यक्ष प्रशांत सुचंती, सचिव अमन शर्मा, कोषाध्यक्ष विनीत अग्रवाल, पूर्व जिलापाल अनुपम सिंहानिया, रीजन चेयरमैन रितेश सहेला, निकिता सुचंती, शिखा सिंहानिया, अविनाश साह, आलोक सिंघानिया, विशाल बाजोरिया, अमित कुमार साह, प्रीतम कुमार एवं अन्य उपस्थित थे।

## 11 सूत्रीय मांगों को लेकर नर्सेज का एसएमएस अस्पताल के मुख्य गेट पर विरोध प्रदर्शन



**दैनिक शुभ भास्कर/ केशव लाल जी पांड्या /राजस्थान /जयपुर/** राजस्थान नर्सेज सयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले आज नर्सेज ने अपनी 11 सूत्रीय मांगों को लेकर एसएमएस अस्पताल के मुख्य गेट पर दो घंटे कार्य बहिष्कार कर विरोध प्रदर्शन किया।प्रदेश अध्यक्ष प्यारेलाल चौधरी व नर्सेज नेता रमेश सैनी ने बताया की प्रमुख-माँगो में केंद्र के समान वेतनमान, कैडर रिव्यू, स्वास्थ्य निदेशालय गठन, वेतन-विसंगतियों को दुर करना, मेडिकल कॉलेज में प्लेसमेंट के माध्यम से लगे नर्सेज का वेतन 26500 करने, नर्सिंग शिक्षा सेवाओं में बढ़ोतरी, स्टूडेंट्स के स्टाईफंड में बढ़ोतरी सहित 11 सूत्रीय मांगों को पूरा करने को लेकर नर्सेज ने पुरजोर प्रदर्शन किया। संघर्ष समिति के द्वारा अगले सात दिवस में मांगो पर सकारात्मक निर्णय नही होने पर राज्यव्यापी आंदोलन की चेतावनी दी गई है। इस मौके पर संघर्ष समिति के नर्सेज नेता प्यारेलाल चौधरी, नरेंद्र शेखावत, राजेंद्र राणा, रमेश सैनी, कैलाश शर्मा, पुरुषोत्तम कुंभज, पवन मीणा, अनेश सैनी, महिपाल सामोता, विनीता शेखावत, जितेंद्र कटारा, आशीष भारद्वाज, सोमसिंह मीणा, मनोज मीणा, अभिषेक शर्मा, गौरव यादव, दिनेश महावर, विशाल भारद्वाज सहित सैकड़ों नर्सेज मौजूद रहे।

## डाक्टर्स डे के अवसर पर जे एल एम सी एच में रक्तदान सह वृक्षारोपण का हुआ आयोजन





**भागलपुर,रिपोर्ट=शैलेन्द्र कुमार गुप्ता/**भागलपुर जिला अंतर्गत पूर्वी बिहार के सबसे बड़े अस्पताल जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल परिसर में आज आई एम ए के द्वारा बड़े ही धूमधाम से डाक्टर्स डे मनाया गया।इस मौके पर अस्पताल परिसर में अनेकों छायादार वृक्ष लगाया गया।वहीं डा मनी भूषण,डा सीमा सिंह,डा अर्चना झा और डा विरेन्दर कुमार बादल सहित कई चिकित्सकों ने रक्तदान कर लोगों को एक नया संदेश दिया।वहीं अस्पताल अधीक्षक उदय नारायण सिंह ने कहा कि डा विधान चन्द्र राय के जन्मदिवस के शुभ अवसर पर डाक्टर्स डे मनाया जाता है।सबसे पहले भारत सरकार ने इसकी शुरुआत 1991 में की थी।मेडिकल हेल्थकेयर में डा विधान चन्द्र राय का बड़ा ही योगदान रहा है।

## 51 कन्याओं के सामूहिक विवाह सफल होने पर जिला प्रशासन का धन्यवाद- विकास माली सचिव



**भागलपुर-** 28 जून 2023 दिन बुधवार को कन्या विवाह × विकास सोसाइटी द्वारा भागलपुर जिले के बरारी स्थित पॉलिटेक्निक कॉलेज के मैदान में कुल 51 असहाय कन्याओं जिसमें 41 हिंदू रिवाज से और 10 मुस्लिम रिवाज से सामूहिक विवाह का आयोजन सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। इसको लेकर शुक्रवार को सचिव विकास माली ने एक प्रेस वार्ता कर जिलाप्रशासन ,मीडिया बंधुओं, एवं पोलटेक्निक कॉलेज वाले को अपनी संस्था की और से हार्दिक बधाई देता हूं व नमन करता हु,जिन्होंने मुझे काफी सहयोग किया।साथ ही विकास माली ने कहा भागलपुर में मुझे इतना सम्मान मिला कि मैं कभी भूल नही सकता। अगली बार इससे भी बढ़िया करने का प्रयास करूंगा।

गिरफ्तार | मेडिकल जांच के बाद जेल भेजा गया है

## बालू के अवैध खनन करने के आरोप में पुलिस में राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश सचिव को किया गिरफ्तार








**भागलपुर,रिपोर्ट=शैलेन्द्र कुमार गुप्ता/**भागलपुर,लोदीपुर पुलिस ने बालू की अवैध रूप से खनन करने के आरोप में राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश सचिव मोहमद अफान आर्यन को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस को काफी समय से सूचना मिल रही थी कि राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश सचिव के द्वारा अवैध तरीके से बालू का खनन कर ट्रैक्टर के द्वारा बाजार में ऊंचे दामों पर बेचा जाता था।

जिसको लेकर पुलिस काफी समय से इनकी ट्रैक्टर को पकड़ने के प्रयास में लगी हुई थी। वही आज लोदीपुर थाना के पास राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश सचिव की ट्रैक्टर बालू ले जाते हुए पकड़ी गई तब पुलिस ने इन्हें बुलाया और पूछताछ के बाद अवैध तरीके से बालू खनन करने के आरोप में इन्हें गिरफ्तार किया और मेडिकल जांच के बाद जेल भेजा गया है।

## भारतीय जनता पार्टी मंडल डूंगर द्वारा शक्ति केंद्र की बैठक हुई संपन्न




**राजस्थान/ डूंगरपुर/ दैनिक शुभ भास्कर/ श्री केशव लाल पांड्या/** सज्जनगढ़ भारतीय जनता पार्टी मंडल डूंगरा छोटा द्वारा 3 शक्ति केंद्रों पर क्रमशः पाली माताजी का मंदिर, रेंगडया, मस्का बड़ा में माताजी के मंदिर पर क्रमशः बैठके संपन्न हुई ,बैठक के मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में विस्तारक नरेश जी गर्ग एवं अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सूर्य सिंह लबाना एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष दीपसिंह वसुनिया, हुकला भाई वरिष्ठ नेता,लालचंद डामोर सरपंच डुंगरा, महामंत्री संजय पंचाल रहे, मंडल अध्यक्ष ने आगामी कार्य योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई, मुख्य वक्ता के रूप में नरेश जी ने तीनों शक्ति केंद्र के बूथ अध्यक्ष मय कार्यकारिणी का परिचय लिया ,फोटो युक्त कार्यकारिणी का सरल ऐप के माध्यम से सत्यापन किया एवं पन्नाप्रमुख बनाएं, एवं महा जनसंपर्क अभियान के तहत घर घर जाकर केंद्र सरकार की योजनाओं को आम जनता तक हर कार्यकर्ता पहुंचाने का संकल्प लें और आने वाले विधानसभा चुनाव लोकसभा चुनाव के लिए अभी से कमर कस लें, दीप सिंह वसुनिया ने कहा मोदी सरकार के 9 साल बेमिसाल, एवं आगामी कार्यक्रमों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लें

बूथ अध्यक्ष और पन्ना प्रमुख को सबसे ज्यादा मजबूत रहने की जरूरत है, इसी क्रम में मंडल अध्यक्ष द्वारा चार धाम की यात्रा से सकुशल यात्रा कर लोटने पर मंडल के कार्यकर्ताओं द्वारा उनका सम्मान किया गया, संजय पंचाल, लालचंद डामोर, हुकला भाई आदि वक्ताओं ने बैठक को संबोधित किया, बाबूलाल भरपोड़ा संयोजक, सोहन, कलसिंह संयोजक, हिम्मत मेरावत प्रभारी मस्का, भरत भाई लबाना, धारजी डामोर, बहादुर एसटी मोर्चा अध्यक्ष, ताराचंद किसान मोर्चा अध्यक्ष, समस्त बूथ अध्यक्ष और कार्यकारणी उपस्थित रहे, संचालन महामंत्री दिनेश अड़ एव आभार व्यक्त सोहन पली ने किया।

## ख़ास ख़बर

## 15वीं वित्त की योजना को ठेकेदार ने जुगाड़ू योजना बना दिया



**बिरनी, गिरिडीह , रिपोर्ट-पिंकू वर्मा/** बिरनी प्रखण्ड कार्यालय परिषर में 15वीं वित्त मद के 1 लाख 63 हजार की राशि से कुएं की मरम्मति एवं हेंडवास लगाया गया था। हालांकि हेंडवास एवं कूप मरम्मति बेकार साबित हुआ। क्योंकि कुएं में पानी नहीं होने से यह सब सिर्फ दिखावा बन कर रह गया है। वहीं दूसरी ओर कूप मरम्मति में 15 वीं वित्त की पैसा खर्च होने के बावजूद जुगाड़ से काम लिया गया। जी हां, ठेकेदार ने चापाकल के पुराने चापाकल की रॉड से कुएं की जाली बनाया है।पंचायत के मुखिया दिलीप रविदास कहते हैं कि 15 वीं वित्त की योजना की राशि को ठेकेदार अपने जेब भर कर इसे जुगाड़ू योजना बना दिया है। यह सवाल तो उठता है कि यह लोहा कहाँ से खरीदा गया। इन सभी सवालों का जवाब अधिकारी ही अच्छे से दे सकते हैं। इस सम्बंध में जेई जितेश दास कहते हैं कि इस्टीमेट में जाली नहीं था सुरक्षा के दृष्टिकोण से बाद में जाली लगाया गया है। वहीं बीडीओ सुनील कुमार वर्मा ने कहा इस्टीमेट में जाली होनी चाहिए क्योंकि सुरक्षा को देखते हुए ही इस कूप की मरम्मती की गई है यदि पुराने कवायद रॉड से जाली बनाई गई है, तो गड़बड़ी हुई है। संबंधित जेई से जांच कराई जाएगी।

## तिसरी पुल के पास तीखी मोड़ पर छड़ लदा ट्रक हुआ अंसतुलित सामने के घर से टकराया



**गिरिडीह/**गिरिडीह मुख्य मार्ग के बीच तिसरी पुल के पास तीखी मोड़ पर छड़ लदा ट्रक शनिवार रात को सड़क किनारे स्थित बिनोद प्रजापति के मकान के बाहरी दिवार से टकरा गया। हालांकि मकान के सामने नाली में पहिया घुस जाने से मकान को अधिक क्षतिग्रस्त नही कर सका। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई है। बताया जाता है कि गिरिडीह से नवादा छड़ लेकर जा रहा था। ट्रक ड्राइवर कपिल कुमार ने बताया कि ट्रक मोड़ पर पास का रही थी कि सामने से एक ट्रक आने से बांया मोड़ने से यह स्थिति हुई। ब्रेक मोड़ के पास मारने के बाद भी मकान के तरफ घुस गई।बता दे कि उक्त सड़क पीडब्ल्यूडी सड़क है जो कई महानगर को जोड़ती है। बड़ी बड़ी गाड़ियां रात दिन चलती रहती है। तिसरी होकर बिहार के गया, नवादा, पटना सिटी, देवघर, रांची, कलकत्ता सहित कई बड़े शहर के लिये वाहनों का आवागमन होता है। गांवा से गिरिडीह तक के मुख्य सड़क के बीच तिसरी पुल के पास दो तीखी मोड़ है जो सबसे अधिक तीखी है। जिसके कारण यहां पर अक्सर दुर्घटना होती रहती है।

## काम नहीं कुलपति सिर्फ फोटोशूट करवा रहे

**भागलपुर/** विश्वविद्यालय द्वारा 7 दिन में प्री पीएचडी रिजल्ट जारी करने के दावे पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने प्रतिक्रिया देते हुए दावे को झूठा बताया।एबीवीपी के विश्विद्यालय संयोजक आशुतोष सिंह तोमर ने कहां की कुलपति द्वारा अपने आवास पर रिजल्ट को जारी करते हुए फोटो शूट करवाया गया जिसमे वे परीक्षा नियंत्रक के साथ दिख रहे हैं।इस बात को अखबार और मीडिया ने भी जगह दी है और मीडिया को विश्वविद्यालय ने अपनी उपलब्धि भी गिनवाई है लेकिन फोटो शूट के दूसरे दिन तक भी न ही ऑनलाइन कहीं दिख रहा है और नही ऑफलाइन किसी विभाग में भेजा गया है।वर्तमान कुलपति काम नहीं कर रहे बस फोटो शूट करवाकर अपनी इमेज बनाने का प्रयास कर रहे ।विश्वविद्यालय के इस प्रकार के झूठे दावे से छात्र दिग्भ्रमित होते हैं।उन्होंने कहा की कुलपति द्वारा विश्वविद्यालय कार्यालय से अनुपस्थित होकर आवास पर बार बार अधिकारियों और छात्रों को बुलाना दुर्भाग्यपूर्ण है विश्विद्यालय को आवास से ही चलाया जा रहा है।प्री श्रद्धस्त्र परीक्षा रिजल्ट को लेकर एबीवीपी का स्टैंड।

# पारसनाथ के जंगलो में भटका ट्रेकिंग के लिए आया बिहार का युवक



**गिरिडीह/**मारवाड़ी युवा मंच गिरिडीह शाखा ने पारसनाथ के जंगल में भटके एक युवक की सकुशल बरामदगी कर रविवार को गिरिडीह लाया और और बिहार के हसनपुर स्थित उसके घर के लिए रवाना कर दिया। जनकारी के अनुसार बिहार के हसनपुर निवासी गुलशन सवाईका ट्रेकिंग के लिए गिरिडीह के पारसनाथ पहाड़ आया हुआ था। शनिवार को ट्रैकिंग के दौरान युवक जंगल के रास्ते में भटक गया।

मोबाइल स्विच ऑफ होने के पूर्व उन्होंने अपना आखिरी लोकेशन अपने अन्य दोस्तों को भेज दिया था। जिसके बाद उन लोगों ने इसकी जानकारी मारवाड़ी युवा मंच के प्रांतीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राकेश मोदी को दी।

मामले की जानकारी मिलने के बाद राकेश मोदी के अलावे मंच के रोहित जैन, अविनाश सेठी, प्रांतीय उपाध्यक्ष नीलकमल भरतिया, विश्व हिंदू परिषद मधुबन के भारत जी, जैन समाज के सदस्य राजन जैन व अजय जैन, मधुबन जैन समाज के मंत्री अतुल जैन सहित अन्य सदस्यों ने प्रशासन और स्थानीय लोगों के सहयोग से रात भर खोजबीन की। लेकिन उसका कोई पता नहीं चल पाया। रविवार की सुबह में एक बार फिर से युवक की खोजबीन शुरू की गई। इस क्रम में निमियाघाट के रास्ते जंगल से युवक की सकुशल बरामदगी की गई। जिसके बाद उसे गिरिडीह के स्टेशन रोड स्थित राकेश मोदी के आवास पर लाया गया। जहां भोजन कराने के बाद उसे घर के लिए रवाना कर दिया गया।इस दौरान पूर्व नप अध्यक्ष राकेश मोदी ने सभी को धन्यवाद देते हुए कहा कि जिला प्रशासन के साथ मधुबन के स्थानीय लोगों की सक्रियता से ही युवक को सकूशल बरामद किया गया जा सका है। इस दौरान उन्होंने युवाओं के साथ साथ परिजनों से आग्रह किया पहाड़ के ट्रेकिंग के लिए अकेले न भेजे।

# रोटरी के झारखंड बिहार के डिस्ट्रिक्ट 3250 का गिरिडीह में हुआ पदस्थापन समारोह



**गिरिडीह/**रोटरी क्लब के द्वारा रविवार को उत्सव उपवन में रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3250 के सत्र 2023-24 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर के पदस्थापना समारोह आयोजन किया गया।

जिसमें रोटरी इंटरनेशनल के पूर्व डायरेक्टर ए वैंकटेश समेत झारखंड बिहार के 124 क्लब के कई सदस्य शामिल हुए। इस दौरान साल 2023-24 सत्र के लिए डिस्ट्रिक्ट गवर्नर शिव प्रकाश बगेड़िया को जिलापाल की शपथ दिलाई गई। समारोह का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि रोटरी इंटरनेशनल डायरेक्टर एएस वेंकटेश द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। मौके पर रोटरी 3250 के निवर्तमान डिस्ट्रिक्ट गवर्नर संजीव ठाकुर के द्वारा समारोह की शुरुआत राष्ट्रगान से की गई। वहीं अतिथियों का स्वागत रोटेरियन प्रमोद अग्रवाल द्वारा पुष्प गुच्छ देकर किया गया। वहीं रोटरी के पदाधिकारियों ने सदर विधायक सुदिव्य कुमार सोनू को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस क्रम में नेत्रहीन विद्यालय के बच्चों के बीच स्मार्ट सेंसर युक्त छड़ी का वितरण किया गया। समारोह के दौरान जिलापाल शिव प्रकाश बगड़िया द्वारा वर्ष 2023-24 में रोटरी के द्वारा किए जाने वाले कार्यों की रूप रेखा प्रस्तुत की गई। वहीं समारोह को संबोधित करते हुए सदर विधायक ने दोनो राज्य से आए रोटरी के अधिकारियों का स्वागत करते हुए कहा की जनसेवा के कार्य में रोटरी अग्रणी भूमिका निभा रही है जिसे निरंतर जारी रखने की आवश्यकता है। कहा कि सरकार के तालमेल से सामाजिक संस्थाएं जरूरतमंदों तक पहुंचे और उन्हे लाभ दिलाए।समारोह में मुख्य रूप से सदर विधायक सुदिव्य कुमार सोनू, पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अजय छाबड़ा, संदीप नारंग, जोगेश गंभीर, राजन गंडोत्रा, रमेश भरत, बिंदु सिंह, डिस्ट्रिक्ट गवर्नर नॉमिनी नम्रता नाथ, रोटरी गिरिडीह के अध्यक्ष मनीष तारवे, सचिव आशीष तरवे, उपाध्यक्ष अमित गुप्ता, राजेंद्र बगडिया, विजय सिंह, डॉ तारकनाथ देव, प्रदीप डालमिया, लक्खि प्रसाद गौरीसरिया, पीयूष मुसद्दी, संतोष अग्रवाल, राजन जैन, विकास बगड़िया, नरेंद्र सिंह, डॉ0 मो0 आजाद, विकास बसाईवाला, रवि चूड़ीवाला, प्रशांत बगड़िया, अमित डे, चरणजीत सिंह, अमित तुलस्यान, प्रवीण बरनवाल सहित काफी संख्या में रोटरी के सदस्य उपस्थित थे। वहीं कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन विजय सिंह के द्वारा किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन प्रकाश सहाय ने किया।

# गिरिडीह विहिप के बैठक में लैंड और लव जिहाद पर जताई गई चिंता, प्रशासन के खामोशी पर नाराजगी जाहिर



**गिरिडीह/**हिन्दु संगठन विहिप के गिरिडीह इकाई के कार्यसमिति की बैठक रविवार को संघ के कार्यालय में हुआ। इस दौरान बैठक में विभाग प्रमुख रविशंकर पांडेय, बजरंग दल जिला संयोजक रीतेश पांडेय, गौ रक्षा प्रमुख रामबाबू गुप्ता और नगर मंत्री राजेश राम भी शामिल हुए। कार्यसमिति की बैठक में मौजूद संगठन के नेताओं ने कहा कि जिले में लैंड जिहाद के साथ लव जिहाद फैलता जा रहा है। और बड़े पैमाने पर जिले में साजिश के तहत धर्मांतरण का खेल बढ़ रहा है। लेकिन प्रशासन खामोश है। जबकि कुछ दिनों पहले ही विशेष शाखा ने राज्य के तमाम डीसी एसपी को पत्राचाार कर भय जताया था कि गिरिडीह में भी बड़े पैमाने पर बांग्लादेशी और रोहिंग्या अपना घर बसा चुके है। तो दुसरी तरफ गिरिडीह पुलिस और प्रशासन ने बगैर जांच के ही रिपोर्ट कर दिया कि गिरिडीह में बांग्लादेशी घुसपैठिए नहीं है। हिंदु संगठन के नेताओं ने आरोप लगाते हुए कहा कि हेमंत सरकार के कार्यकाल में गिरिडीह में बांग्लादेशी रोहिंग्यों के खिलाफ प्रशासन कोई कार्रवाई नहीं कर पा रही है। क्योंकि लव जिहाद और लैंड जिहाद की साजिश पूरे जिले में बढ़ चुका है। हिंदु संगठन के नेताओं ने कहा कि अब संगठन द्वारा पूरे जिले में इन साजिशों के खिलाफ आंदोलन किया जाएगा। क्योंकि गौतस्करी भी जिले में बढ़ा हुआ है। इधर कार्यसमिति की बैठक में संगठन के नए अध्यक्ष को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। कार्यकर्ताओं ने बगैर विचारें और नियम से हटकर नगर मंत्री के घोषणा पर नाराजगी जाहिर किया। बैठक में विकास गुप्ता, सुरेश रजक, पंकज कंधवे, विक्रम शर्मा, गौरव कुमार अंशु, शुभम झा, सूजीत सिंह, रोहित शर्मा, राहुल कुमार समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सरिया के सिंगदाहा में झारखंडी खातियानी भाषा संघर्ष समिति की और से ग्रामीणों की जुटान किया गया



**सरिया, गिरिडीह/**रविवार को सरिया प्रखंड के सिंगदाह गौशाला मैदान में झारखण्डी ख़ातियानी भाषा संघर्ष समिति के बैनर ताले ग्रमीणों की जुटान किया गया। जिसकी अध्यक्षता धर्मपाल महतो एवं संचालन शशि ठाकुर ने किया। वहीँ कार्यक्रम में पहुंचे मोतिलाल महतो ने कहा कि झारखण्ड की स्थापना में 23 वर्ष हो गए फिर भी झारखंडी की पहचान सरकार नही कर पाई है। यहाँ तक सभी पार्टियों को मौका मिला, लेकिन सारे ने अपनी झोली भरने की काम किया। यहां के युवाओं को ठगने का काम किया गया। आज झारखंड में सबसे ज्यादा बेरोजगार युवकों का पलायन देश के दूसरे राज्यो के साथ विदेशों में हो रहा हैं जिसका जिम्मेवार यहां के नेता हैं। वही धर्मपाल महतो ने कहा कि वर्तमान के नेता विधायक शिर्फ मुर्गा दारू के नाम पर वोट लिया है बदले में सिर्फ सड़क ,नाली,गली के नाम पर वोट लिया । आज भी गरीबो के बच्चे सरकारी स्कूलों में पढ़ाते हैं वही विधायक, सांसद का बच्चों को विदेशों में पढ़ाई करने भेजते हैं।अब समय आ गया हैं हम सब जाग चुके हैं और जो लोग शोए हैं उन्हें जगाने के लिए आज संकल्प लेने का दिन हैं अपने गांव,पंचायत प्रखंड के बीच स्थानीयता,नियोजन नीति की बात से लोगो को जागरूक करने की बात की । वहीँ मोके पर स्थानीय मुखिया हेमंती देवी, दोंदलो मुखिया तुलसी तलवार, करण भंडारी,चंदन पासवान,दिनेश शाहू,लखन मेहता,सुमन पांडेय,बालगोविन्द यादव, रामदेव यादव,अनिल गोप,रंजन सिंह, सहित की लोग मौजूद थे।

## नवजात को दो बुंद जिंदगी की देकर की गई पल्स पोलियो अभियान की शुरूआत



**गिरिडीह/**दो बूंद जिंदगी के स्लोगन के साथ रविवार को जिले में पल्स पोलियों अभियान की शुरूआत की गई। सदर विधायक सुदिव्य कुमार सोनू व सिविल सर्जन डॉ शिव प्रसाद मिश्रा के द्वारा संयुक्त रूप से चेताडीह मातृत्व हॉस्पिटल में नवजात शिशु को पोलियो की खुराक देकर अभियान की शुरुआत की गई। इस दौरान उन्होंने हॉस्पिटल का निरीक्षण करते हुए बच्चा वार्ड, प्रसूति वार्ड, किचन आदि का मुआयना किया।मौके पर सदर विधायक श्री सोनू ने प्लस पोलियो अभियान को सफल बनाने में आम जनता को भी सहयोग करने का आग्रह करते हुए कहा कि लोगों के सहयोग से ही इस अभियान को सौ प्रतिशत सफल बनाया जा सकता है। इस दौरान उन्होंने चेताडीह मुख्य सड़क से हॉस्पिटल गेट तक लिंक रोड के चौड़ीकरण करने एवं रोड के सुदृढ़ीकरण करने की बात कही। साथ ही हॉस्पिटल के अंदर विशेष वार्ड को छोड़कर बाकी वार्ड के गलियारे को फ्लोरिंग करने के लिए हर संभव मदद करने का घोषणा की।इस दौरान सीएस डॉ शिव प्रसाद मिश्रा ने बताया कि राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान 2023 के अंतर्गत गिरिडीह जिला में कुल 491250 बच्चों को पोलियो की खुराक दी जानी है। जिसके लिए 2535 बूथ बनाये गए है जहां आज से अभियान की शुरूआत की गई है। बताया कि पोलियो अभियान को सफल बनाने को लेकर कुल 5069 स्वास्थ्य कर्मियों भोलेंटियर को अभियान से जोड़ा गया है। वहीं कुल 507 सुपरवाइजर व 50 ट्रांजिट दल लगाए गए है। बताया कि अभियान की सफलता के लिए उपायुक्त ने दो दो बार व प्रखंड स्तर बीडीओ के द्वारा बैठके की गई है।

## लायन्स क्लब ऑफ भागलपुर के निदेशक मंडल की बैठक




**भागलपुर/**लायन्स क्लब ऑफ भागलपुर के निदेशक मंडल की बैठक पूर्व अध्यक्ष लायन ब्रह्मदेव प्रसाद साह के निवास स्थान मिरजान में सम्पन्न हुई। अध्यक्ष लायन मनोज कुमार शर्मा ने अध्यक्षता की। सर्वप्रथम लायन्स इन्टरनेशनल जिला तीन सौ बाइस ई के सर्विस कॉर्डिनेटर लायन डॉ.पंकज टण्डन ने जिला तीन सौ बाइस ई की के जिलापाल लायन विनोद अग्रवाल की पिन लगाकर सम्मानित किया। क्लब के सचिव लायन प्रदीप जालान ने क्लब के द्वारा ऑखों की जांच, मोतियाबिन्द ऑपरेशन, जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, स्किल डेवलपमेंट कार्यक्रम, हंगर कार्यक्रम, कैंसर जागरूकता एवं अन्य आकस्मिक घटना के समय सेवा कार्य की बात कही। लायन्स सेवा में बीस वर्ष देने के लिए लायन प्रवीण कुमार, लायन ज्योति पुंज मेहरोत्रा, लायन कौशल अग्रवाल को, दस वर्ष सेवा के लिए लायन पुरूषोत्तम गुप्ता को अन्तरराष्ट्रीय प्रशस्तिपत्र दिया गया। सेवा के लिए लायन ई. रंजीत कुमार सिंह को एवं लायन ब्रह्मदेव प्रसाद साह को अन्तरराष्ट्रीय पिन से सम्मानित किया गया। अध्यक्ष लायन मनोज शर्मा ने सभी को धन्यवाद देते हुए कहा कि वास्तविक सेवा हमारा लक्ष्य है जिसे आप सब निष्ठापूर्वक करेंगे। आज की सभा में लायन बद्री प्रसाद छापोलिका, लायन मनीष बुचासिया, लायन प्रवीण कुमार,लायन सुरेश भिवानीवाला, लायन डॉ.पंकज टण्डन, लायन विरेन्द्र कुमार मिश्र, लायन किशन लाल भालोटिया, लायन ई.रंजीत कुमार सिंह,लायन अमर नाथ चमड़िया, लायन निर्मल खेतडीवाल, लायन डॉ.पंवन पोद्दार, लायन पुरूषोत्तम गुप्ता, लायन सुमन्त महतो , लायन सुरेश कुमार कौटरीवाल, लायन ब्रह्मदेव प्रसाद साह, लायन सीए पुनीत चौधरी, लायन सीए अम्बरीष अग्रवाल, लायन गिरधर मावंडिया उपस्थित हुए।

सुरक्षा | विश्वप्रसिद्ध श्रावणी मेले को लेकर जिला प्रशासन सुल्तानगंज ने की युद्ध स्तर पर तैयारी

# कांवरियों के लिए रेलवे कराएगी सात्विक भोजन की व्यवस्था, सभी ट्रेनों का होगा सुल्तानगंज में ठहराव, रहेंगे सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम





**भागलपुर, रिपोर्ट= शैलेन्द्र कुमार गुप्ता/** भागलपुर, 4 जुलाई से प्रारंभ होने वाले विश्वप्रसिद्ध श्रावणी मेले को लेकर जहां भागलपुर जिला प्रशासन सुल्तानगंज ने युद्ध स्तर पर तैयारी कर रही है, वहीं सुल्तानगंज रेलवे स्टेशन पर भी रेलवे की ओर से तैयारियां की जा रही है। मालदा रेल मण्डल के डीआरएम विकास चौबे लगातार सुलतानगंज पहुंच अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे हैं, स्टेशन का निरीक्षण कर रहे हैं, वहीं ट्रेन से आने जाने वाले कांवड़ियों को मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराए जाने को लेकर दिशा निर्देश दे रहे हैं।

सुलतानगंज रेलवे स्टेशन पर बिहार समेत देश व विदेश से श्रद्धालु ट्रेन से पहुंचते है, इसके बाद सुलतानगंज उत्तरवाहिनी गंगा तट से जल लेकर बैधनाथ धाम रवाना होते हैं। उनके लिए शुद्ध पेयजल के इंतजाम, सात्विक भोजन की व्यवस्था, साफ सफाई, सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करने के दावे किए जा रहे हैं। डीआरएम बे कहा कि जिन ट्रेनों का ठहराव सुलतानगंज में नहीं होता है, उसके ठहराव के लिए उच्च स्तर पर बात की गई है, कोशिश होगी सभी ट्रेनों का यहां ठहराव हो। स्पेशल ट्रेने जो चलाई जा रही थी, उसे नियमित कर दिया गया है। सुरक्षा के लिए जीआरपी व आरपीएफ के अतिरिक्त बलों व रेल कर्मियों की तैनाती रहेगी। सावन इस वर्ष दो महीने का है तो रेलवे भी दो महीने के लिए सुल्तानगंज में कांवड़ियों की सुविधा के लिए पूरी तरह सख्त रहेगी। जिला प्रशासन भी समन्वय स्थापित की गयी है।

## भाकपा माले नगर पंचायत कमिटी सम्मलेन हुआ सम्पर्ण जिम्मी चौरसिया पुनः बने सचिव



**सरिया, गिरिडीह,रिपोर्ट-राज रवानी/**रविवार को सरिया के अरीना में भाकपा माले नगर पंचायत लोकल कमेटी का दूसरा सम्मेलन हुआ सम्पर्ण। सम्मेलन की शुरुआत झंडोत्तोलन कर तमाम शहीदो को 1मिनट का मौन धारण कर प्रारंभ की गई। इस सम्मेलन में मुख्य रूप से बगोदर विधायक विनोद कुमार सिंह वह भाकपा माले के प्रखंड सचिव भोला मंडल व परीक्षक सुदामा राम वही सम्मेलन का संचालन सुरेश पांडे ने किया। सम्मेलन नगर पंचायत के मजबूती करण वह सदस्यता जैसे सवालों पर बात हुई। साथ ही साथ नगर पंचायत लोकल कमिटी का गठन किया गया।जिसमें 17 सदस्यों की कमिटी बनाई गई।जिसमें सर्व सहमति से जिम्मी चौरसिया को पुनः एक बार नगर पंचायत लोकल कमिटी नगर सचिव बनाया गया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए जिम्मी चौरसिया ने साथियों का धन्यवाद देते हुए कहा कि पूर्व की भांति नगर पंचायत के किसी भी सवालों चाहे अंचल मे व्याप्त भ्रष्टाचार थाना का मसला जैसे मामलों पर मजबूती से जनता के सवालों को लेकर लड़ाई को तेज करेगी। नगर पंचायत लोकल कमेटी जनता के सवालों को लेकर किसी भी प्रकार की खामियों को बर्दाश्त नहीं करेगा।

# ख़ास ख़बर

## कार्यकारिणी की सभी इकाईयाँ भंग




**भागलपुर**/मानवाधिकार सुरक्षा एवं सतर्कता परिषद की एक समीक्षा बैठक राष्ट्रीय अध्यक्ष सलीम सुगन्ध की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई ।बैठक में एक सुत्री प्रस्ताव लाया गया जिसे उपस्थित सदस्यों ने अपनी पुरी सहमति देते हुए सर्वसम्मति से पारित कर दिया। प्रस्ताव में कहा गया है कि कार्यकारिणी के सदस्यों का राजनीतिक तथा परिषद की लाइन से हट कर कार्यों में लिप्त होने के कारण तत्काल प्रभाव से कार्यकारिणी की सभी इकाईयाँ भंग की जाती है। परिषद में वही सदस्य एवं पदाधिकारी बने रहेंगे जिनकी पहचान राजपत्रित पदाधिकारी द्वारा सत्यापित तथा निबंधन कार्यालय में पंजीकृत हैं। दायित्व उन्हीं को सौंपा जाएगा जिनका प्रदर्शन अच्छा होगा।बैठक में मो0 शाहिद अखतर, किशन कुमार, कमर ताबां मो0 तबरेज, अनीता कुमारी, शकील खान, अरूण कुमार, अशफारा, मो0 राशिद अंसारी आदि लोग उपस्थित थे ।

## राज्यपाल के कूचबिहार दौरे के बीच दिनहाटा के गीतालदह इलाके में फिर गर्मी बढ़ गयी





**भागलपुर।**प्रभावित तृणमूल कांग्रेस के क्षेत्रीय अध्यक्ष मफुजर रहमान, गीतालदह एक ग्राम पंचायत के पूर्व पंचायत रफीकुल हक और उनके समर्थकों के साथ। तृणमूल ने आरोप लगाया कि उनकी पार्टी की पंचायत समिति उम्मीदवार जन्नती खातून बीबी के बेटे राजू हक को गीतालदह ग्राम पंचायत से भाजपा उम्मीदवार ने अपहरण कर लिया है।और उसके बाद, क्षेत्रीय तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष मफुजर रहमान पार्टी उम्मीदवार के बेटे को बचाने के लिए स्थानीय कांग्रेस उम्मीदवार लतीफा खातून बीबी के घर गए। वहीं उन पर कांग्रेस प्रत्याशी के पति रफीकुल हक और उनके कार्यकर्ता समर्थकों ने हमला कर दिया।दूसरी ओर, रफीकुल हक के समर्थकों की मांग पर तृणमूल कांग्रेस के क्षेत्रीय अध्यक्ष महफुजुर रहमान रफीकुल हक के घर आये और हंगामा करने लगे. तभी वे लोग डर के मारे चिल्लाने लगे तो स्थानीय लोग आ गये और मफुजर रहमान और उसके साथियों की जमकर पिटाई कर दी। गीतल देहर घटना में कुल मिलाकर छह लोग वर्तमान में अस्पताल में भर्ती हैं। इनमें महफूजुर रहमान और रफीकुल हक की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें कूचबिहार जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है. तृणमूल के क्षेत्रीय अध्यक्ष समेत छह लोगों के घायल होने से भाजपा समर्थित उपद्रवियों पर आरोप के तीर चल रहे हैं. तृणमूल चेहरे पात्रा पार्थ प्रतिम रॉय के अनुसार, राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने आज सुबह एक निजी नर्सिंग होम में प्रभावित तृणमूल कार्यकर्ता से मुलाकात की।उस घटना में पुलिस पहले ही 32 लोगों को गिरफ्तार कर दिनहाटा सब-डिविजनल कोर्ट भेज चुकी है. अदालत ने तीन लोगों को पांच दिन की पुलिस रिमांड पर जबकि बाकी को 14 दिन की जेल हिरासत में भेजने का आदेश दिया।

## पैनल अधिवक्ता मनोज कुमार सिंह के द्वारा 12 जून को विद्युत विभाग के कई पदाधिकारियों को वकालतन नोटिस

**भागलपुर**/तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय (टीएमबीयू) के पैनल अधिवक्ता मनोज कुमार सिंह के द्वारा 12 जून को विद्युत विभाग के कई पदाधिकारियों को वकालतन नोटिस इस आशय का दिया गया कि जो पावर ग्रिड विश्वविद्यालय के जमीन पर अवस्थित है उसका किराया वर्ष 1980 से बकाया है। इस संबंध में संबंधित बिजली विभाग से स्पष्टीकरण मांगा गया था लेकिन आज तक बिजली विभाग के पदाधिकारियों के द्वारा कोई भी जवाब विश्वविद्यालय को नहीं दिया गया है और इस मामले में अधिवक्ता ने तिलका मांझी भागलपुर विश्वविद्यालय के कुलपति और कुलसचिव से आगे की कार्रवाई के लिए दिशा निर्देश मांगा है।- डॉ दीपक कुमार दिनकर, पीआरओ, टीएमबीयू।

# शंकरपुर गांव 40 वर्षो से विकास से कोसों दूर, मूलभूत सुविधाओं से वंचित गांव में लोग अपनी बेटियों का नहीं करना चाहते शादी

**ग्रामीण कई बार जनप्रतिनिधियों से मिलकर गुहार लगा चुके है लेकिन अबतक किसी ने समस्या को नही सुना**






**भागलपुर,रिपोर्ट=शैलेन्द्र कुमार गुप्ता**/भागलपुर,शादी के बाद दूल्हे के साथ नई नवेली दुल्हन को अक्सर आपने ससुराल जाते चमचमाती लग्जरी कार से देखा होगा, लेकिन बिहार के भागलपुर जिले में दूल्हे दुल्हन को डेढ़ किलोमीटर दूर पैदल चल कर चचरी पुल पार करना पड़ता है। दूल्हे को अपनी दुल्हन को घर ले जाने के लिए नदी पार करने के लिए चचरी पुल का सहारा लेना पड़ रहा है। ऐसा ही मामला भगलपुर मुख्यालय से सटे करीब एक किलोमीटर दूर नाथनगर प्रखंड के शंकपुर पंचायत का है। गांव के निवासी सत्तो महतो की।पुत्री की शादी गुरुवार की रात हुई ,बारात मनिहारी से आया था और बाराती अपनी गाड़ी महादेव सिंह कॉलेज के समीप इमामबाड़ा के मैदान में खड़ी करके गांव करीब डेढ़ किलोमीटर दूर पैदल होकर पहुंचे और शादी की रस्म अदा की ,उसके बाद सुबह में दूल्हे अपनी दुल्हन के साथ चचरी पुल पैदल पार कर वापस घर लौटे शंकपुर गांव जहाँ करीब 40 वर्षो से गांव विकास से कोसो दूर है। गांव में पक्का पुल नही होने से दियारा इलाके के ग्रामीणों को कई जटील परेशानी से सामना करना पड़ता है। एक तरफ बाढ़ की समस्या तो दूसरी तरफ पुल नही होने से ग्रामीण इलाके के किसान उभर नही पाते है यहां तक कि गांव में कोई भी अपना रिश्ता जोड़ने से कतराते है।लोगों ने बताया कि चुनाव के समय पुल का मुद्दा बनाकर एमपी एमएल के प्रत्याशी आते है और पुल बनवाने का भरोसा दिलाकर अपने पक्ष में मत के लिए उत्साहित करते है। जब प्रत्याशी जीत सरताज पहने के बाद इन मुसीबत में पड़े किसानों को देखने तक नही आते है।जिसका नतीजा है कि आज इस गांव के लोग पुल नही होने का डँस झेल रहे है और चंदा करके चचरी का पुल निर्माण कराया है जिससे गांव के लड़के लड़कियों की शादी हो सके गांव में पक्का पुल नही होने से रिश्ते जोड़ने से कतराते है लोग,अबतक दर्जनो से अधिक टूट चुकी है शादी गांव जाने के लिए नदी पार करने के लिए पक्के का पुल नही होने से ग्रामीणों को काफी हो रही है समस्या। जमुनिया नदी के दूसरी तरफ करीब आधा दर्जन गांव है।

जिसमें दारापुर ,बालूटोला, चवनियां, शंकरपुर, बिनटोला और दिलदारपुर शामिल है। पूरे गांवों को मिलाकर कुल आबादी लगभग 5 हजार से 6 हजार की है, जिसमें मतदाताओं की संख्या करीब 3 हजार है। भागलपुर शहर से महज 1 एक किमी की दूरी पर स्थित ये गांव पुल नहीं होने से मुख्य धारा से कटा हुआ है। वही गांव के मुखिया अशोक मंड़ल ने बताया कि गांव से भगलपुर मुख्यालय महज एक किलोमीटर की दूरी पर लेकिन आजतक गांव में पुल निर्माण नही कराया गया है । आलम है कि आज इस गांव में कोई भी शादी नही करना चाहता है । पुल नही रहने से मुखिया की बेटी के भी रिश्ता दो दिन पहले टूट गया। साथ ही मुखिया अशोक मंडल ने बताया कि करीब 50 से 60 लड़के लड़कियों की शादी टूट गया है। जो भी शादी करने आते है एक ही बात कहते है कि आपके गांव में गाड़ी जाने के लिए रास्ते ही नही है जिसको लेकर शादी करने से परहेज करते है। जिसके कारण केदार मंडल, सजंय मंड़ल, मुखिया अशोक मंडल, महेश मंडल, सियाराम मंडल, काली मंडल, भोला मंडल समेत कई किसानों की बेटे बेटियां की शादी गांव के पुल नही होने के कारण टूट गई है।पुल नही होने से पास के मंदिरों में शादी की रस्म अदा की जाती है ग्रामीण सुनील महतो में बताया कि गांव में पुल नही होने से बारात घर तक नही पहुंच पाती है जिसको लेकर शहरी इलाके में ही दूल्हे की गाड़ी और बराती गाड़ी रखने को लेकर शादी से इनकार करने लगते है । किसी तरह से आये लड़के वालों को हमलोग मनाकर मन्दिरों में शादी की रस्म अदा करते है अबतक एक दर्जन से ज्यादा लड़कीं की शादी मन्दिरों में हो चुकी है।पुल की मांग को लेकर ग्रामीण कई बार एमपी एमएलए से लगा चुके है गुहार

## पंचत्व में विलीन हुए राजस्थानी गीतकार श्री नथमल जोशी उर्फ 'टिकमचंद जोशी', छोटे सुपुत्र मनीष कुमार शर्मा ने दी उन्हें मुखाग्नि





**भागलपुर**-बिहार, रविवार 2 जुलाई 2023 7 कल शनिवार की देर संध्या स्थानीय बरारी श्मशान घाट पर, नगर के सुपरिचित राजस्थानी गीतकार श्री नथमल जोशी उर्फ 'टिकमचंद जोशी' की अंत्येष्टि संपन्न हो गई दोपहर करीब ढाई बजे उनके छोटे सुपुत्र मनीष कुमार शर्मा ने उन्हें मुखाग्नि प्रदान की इससे पूर्व दीपनारायण सिंह पथ (खरमनचक) अवस्थित 'परमेश्वरी भवन' से उनकी शवयात्रा निकली, जिसमें बड़ी संख्या में नगर के बुद्धिजीवी समाजसेवी व साहित्यकार उपस्थित थे गीतकार श्री जोशी करीब 68 वर्ष के थे, वे पिछले कुछ माह से पक्षाघात के शिकार हो बीमार चल रहे थे, शनिवार की सुबह टहलने-क्रम में हृदयाघात से गिर पड़े, सिर के पीछे चोट लगने से रक्त-जमाव हो गया, जिससे उनका निधन हो गया दिवंगत जोशी, अपने पीछे पत्नी सरोज शर्मा, पुत्र नीरज शर्मा, मनीष कुमार शर्मा, पुत्रवधू मनीषी शर्मा, पोती मीमांसा व्यास , बेटी निक्की शर्मा, ममता शर्मा, दामाद आनन्द शर्मा और मनोज अग्रवाल सहित भरेपूरे परिवार को रोते-बिलखते छोड़ गए हैं उक्त जानकारी देते हुए वरिष्ठ पत्रकार कवि लघुकथाकार श्री पारस कुंज ने बताया कि दिवंगत श्री नथमल जोशी ने, नब्बे के दशक में 'युवासंगम', 'अंगदीप' और 'अंगरंग' जैसे मंच व पत्रिका के माध्यम से एक सशक्त राजस्थानी गीतकार के रूप में उभरकर सामने आये और संपूर्ण अंगप्रदेश में अपनी एक अलग पहचान बनाई तब उनके गीत-'गोरी थारो घाघरों लहरायो' और 'पानी पड़त है आँगणा म बूंदा री बौछार' हरएक जबान पर सवार थे उन्हें देखते ही लोग उनके गीतों को गुनगुनाने लगते थे उनके प्रति शोक व्यक्त करने वालों में-केसरी रेखा दीदी, अंशुमाला झा, राधा कुंज, पूर्णिमा केसरी, वंदना भारती, मीना चोपड़ा, नेहा चोपड़ा, अनीता द्विवेदी, डॉ सुजाता कुमारी, डॉ मीरा झा, रामरतन चुड़िवाला, रंजन कुमार, रवि जैन, डॉ तुषार कांत, सत्यनारायण मंडल, उदय मिश्र, दीपक सान्याल, डॉ ओमप्रकाश सामबे, विकास सिंह गुलटी, अजय कुमार अग्रवाल, किशोरी केजरीवाल, रविशंकर सिंह, शिवशंकर सिंह पारिजात, कपिलदेव कृपाला, अनिल प्रकाश, ठाकुर अमरेन्द्र दत्तात्रेय, प्रभात जैन, सकलदेव शर्मा, गिरिधारीलाल जोशी, अनीरूद्ध प्रसाद विमल, विरेन्द्र शुक्ल, दिनेश तपन, प्रोफेसर योगेन्द्र, विकास जैन, डॉ रणजीत कुमार सिन्हा, राजेश कुमार लाल आदि थे तो शवयात्रा व अंत्येष्टि में, राधा कुंज, काजल शर्मा, दुर्गा शर्मा, पूजा शर्मा, रतनलाल शर्मा, पारस कुंज, मानवराज शर्मा, मुकेश शर्मा, गोविंद शर्मा, दीपक साह, हर्ष शर्मा, गिरिधारी, सोनू पंडित, बाँकेलाल शर्मा, पवन शर्मा आदि शामिल थे।

## मालदा डिवीजन के आरपीएफ ने तीन कुख्यात टॉपबी अपराधियों को गिरफ्तार किया



**भागलपुर।**आज 02.07.2023 को आरपीएफ/बीजीपी, जीआरपी/बीजीपी और सीपीडीएस/एमएलडीटी के अधिकारी और कर्मचारी जिनमें एसआई/संतोष कुमार, एसआई/एस.के.सुमन, एचसी/उत्तम सरकार, सीटी/राजकुमार, सीटी/ गुंजन कुमार सभी आरपीएफ पोस्ट बीजीपी सह- शामिल हैं। एचसी/पी के साथ समन्वय। अधिकारी और सीपीडीएस/एमएलडीटी के सीटी/अमित कुमार रंजन, जीआरपी/बीजीपी के सीटी/राहुल कुमार मेहता और सीटी/समलेश पंडित के साथ सभी आईपीएफ/एसएस सिंह/आरपीएफ/बीजीपी और पीसी/बीजीपी की देखरेख में संयुक्त रूप से निगरानी कर रहे थे। बीजीपी रेलवे स्टेशन क्षेत्र अपराध और अपराधियों के खिलाफ, विशेष रूप से टीओपीबी अपराधियों और यात्रियों और यात्रियों के सामान से संबंधित अन्य जघन्य अपराधों के खिलाफ। इसी निगरानी के दौरान लगभग 12.35 बजे ऊपर की टीम पीएफ नंबर 4 पर थी, उसने देखा कि तीन व्यक्ति भागलपुर रेलवे स्टेशन के पीएफ नंबर-04 के पश्चिमी छोर के फुट ओवर ब्रिज पर संदिग्ध तरीके से बैठे थे। आरपीएफ एवं जीआरपी को अपनी ओर आता देख संदिग्ध व्यक्ति भागने लगे लेकिन उक्त टीम द्वारा उन्हें हिरासत में ले लिया गया। पूछने पर वे कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दे सके और स्टेशन क्षेत्र में अपनी उपस्थिति का कोई प्राधिकार प्रस्तुत नहीं किया। पूछताछ करने पर हिरासत में लिए गए लोगों ने अपनी पहचान बताई

## अपराध की योजना बनाते अवैध हथियार के साथ 7 लोग गिरफ्तार




**भागलपुर**/दिनांक 01.07.2023 को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम सकरुल्लाचक, थाना बबरगंज, जिला-भागलपुर स्थित एक घर में कुछ अपराधी इकट्ठा हुए हैं, जो किसी बड़े अपराध की योजना बना रहे हैं। उक्त सूचना पर वरीय पुलिस अधीक्षक, भागलपुर के निर्देशानुसार पुलिस उपाधीक्षक, नगर के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया एवं सत्यापन तथा आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया गया।छापामारी दल द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्राम- सकरुल्लाचक स्थित मो0 रूस्तम के घर की विधिवत घेरा बन्दी कर छापामारी की गई। इस क्रम में घर के अन्दर मौजूद कुछ लोग पुलिस बल को देखकर छत के रास्ते भागने का प्रयास किये, परन्तु सभी 07 लोगों को गिरफ्तार किया गया।इनलोगों के पास से अवैध अग्नेयास्त्र की बरामदगी भी की गई। पुलिस द्वारा पूछ-ताछ के क्रम में पकड़ाये व्यक्तियों द्वारा बताया गया कि इनलोगों का एक अपराधी गैंग है, जिसका अक्सर पास के मौहल्ले के एक कुख्यात अपराधिक गैंग से अक्सर वर्चस्व की लड़ाई होती है। आज भी पकड़ाये सभी व्यक्ति अपने विरोधी गैंग पर हमला करने की योजना बना रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम- 01. मो0 रूस्तम, पिता- मो0 नुर मिस्त्री, सा0- सकरुल्लाचक, थाना- बबरगंज, जिला-भागलपुर। 02. मो0 एनाम, मो0 एकराम, सा0- मोजाहिदपुर मोहल्ला वार्ड 41, थाना- मोजाहिदपुर, जिला- भागलपुर।03. मुन्ना शेख, पे0- दाउद शेख, सा0- सकरूल्लाचक, थाना- बबरगंज, जिला- भागलपुर। 04. छोटु कुरैशी, पिता- नाजिम कुरैशी, सा0- मोगलपुरा, थाना- बबरगंज, जिला- भागलपुर। 05. मो0 जौनी, पिता- मो0 बदरूद्दीन, सा0- करोड़ी बजार, थाना- हबीबपुर, जिला- भागलपुर।06. मेहताव आलम, पिता वहीद आलम, सा0- हुसैनपुर, थाना- मोजाहिदपुर, जिला- भागलपुर।07. पंकज कुमार, पिता- राजु प्रसाद गुप्ता, सा0- महम्दाबाद, थाना- बबरगंज, जिला-भागलपुर। पकड़ाये व्यक्तियों के पूर्व का अपराधिक इतिहास इस प्रकार है-मो0 रूस्तम का अपराधिक इतिहास- 01. बबरगंज थाना कांड सं0-53/14, दिनांक- 05.12.14, धारा-307/34 भा0द0वि0, एवं 3/4 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम-1908 02. बबरगंज थाना कांड सं0-143 / 22, दिनांक- 04.05.22, धारा-341/323/504/ 379/506/34 भा0द0वि0 छोटू कुरैशी का अपराधिक इतिहास-01. बबरगंज थाना कांड सं0-124 / 22


## सीनेट चुनाव में प्रतिनियुक्त कर्मियों को 4 जुलाई को विश्वविद्यालय में दी जाएगी ट्रेनिंग

**भागलपुर।** पीआरओ डॉ दीपक कुमार दिनकर ने बताया की तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय में सीनेट चुनाव को लेकर विश्वविद्यालय द्वारा प्रतिनियुक्त मतदान कर्मियों को अब 4 जुलाई को साढ़े ग्यारह बजे से सीनेट हॉल में ट्रेनिंग दी जाएगी। पहले यह ट्रेनिंग 3 जुलाई को होने वाली थी। पीआरओ ने बताया की ट्रेनिंग के पश्चात मतदान कर्मियों को चुनाव सामग्री भी उपलब्ध कराए जायेंगे। सभी मतदान कर्मियों को ट्रेनिंग के दिन अपने साथ बैंक एकाउंट का डिटेल्स मसलन बैंक का नाम, खाताधारी का नाम, खाता नंबर, आईएफएससी कोड आदि लेकर आना होगा ताकि उन्हें इलेक्शन भत्ता का भुगतान किया जा सके। पीआरओ डॉ दिनकर ने बताया की जिन मतदान कर्मियों को सीनेट चुनाव में ड्यूटी लगाई गई है वैसे कर्मियों को विशेष व्यवस्था के तहत उनके मताधिकार के प्रयोग के लिए ट्रेनिंग के दिन ही यानी 4 जुलाई को विश्वविद्यालय के सीनेट हॉल में डेढ़ बजे से साढ़े तीन बजे तक वोट देने की व्यवस्था की गई है।

**बैठक** | अध्यक्षता डॉक्टर फारूक अली ने किया, बैठक का संचालन महबूब आलम ने किया

## सेंट्रल मोहर्रम कमेटी के कोर कमेटी की एक बैठक हुई






**भागलपुर।** आज दिनांक 2 जुलाई अपराहन 3ः00 सेंट्रल मोहर्रम कमेटी के कोर कमेटी की एक बैठक हुई जिसमें सभी सहसंयोजक शामिल हुए यह बैठक मुस्लिम एजुकेशन कमिटी हॉल मुस्लिम हाई स्कूल अहाते में जिसकी अध्यक्षता डॉक्टर फारूक अली ने किया बैठक का संचालन महबूब आलम ने किया बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि भागलपुर के पैकरो की बैठक जो एस एस होटल बिजली चक तातारपुर में मोहम्मद अनी खान के अगुवाई में हो रहा है सभी सह संयोजक सेंट्रल मोहर्रम कमेटी भी शामिल होंगे यह बैठक 9 जुलाई रविवार को 3:00 बजे होगी विदित हो पूर्व में सेंट्रल मोहर्रम कमेटी की सह संयोजक पर आधारित कई सब कमेटी बनी थी प्रशासन से तालमेल सिविल सर्जन से तालमेल नगर निगम से तालमेल रोशनी एवं विधि व्यवस्था से तालमेल बनाने के के लिए बनाई गई थी उसमें कुछ नए नाम को जोड़ते हुए अनुमोदित किया गया और तमाम उप समिति के संयोजक जिसमें प्रशासन तालमेल कमेटी मे मोहम्मद शहाबुद्दीन वर्दी खान मेडिकल कमेटी में सैयद जीजा हुसैन साफ सफाई कमेटी महबूब आलम मो तकी अहमद जावेद रोशनी एवं विधि व्यवस्था में एजाज अली रोज के शामिल होने का निर्णय लिया गया संयोजक जो उप समिति के हैं व अन्य जानकार सदस्य को जो इसमें नाम नहीं है उन्हें भी लेकर के शासन प्रशासन स्वास्थ विभाग में जाएंगे ताकि अपना पक्ष को प्रबल तरीके से रख सकें यह भी निर्णय लिया गया बैठक में जिनी हमीदी विभिन्न इमामबाड़ा के खलीफा से मोहर्रम के मां शुरू होने के पहले से ही तालमेल बैठाने लाइसेंस के लिए दरखास्त देने और नियम और कायदा को पालन करने साथी साथ तमाम अखाड़ा अपना बैनर के साथ अखाड़ा निकालेगा इसको लागू कराने के लिए उन्होंने वाहन समेत अपनी सेवा दी है इसके लिए कमेटी ने उन्हें धन्यवाद दिया

## "गांधी की गवाही" विमर्श का आयोजन गांधी विचार विभाग में डॉ. मनोज कुमार की अध्यक्षता में किया गया

**भागलपुर**/भागलपुर 2 जुलाई 2023 "गांधी की गवाही" विमर्श का आयोजन गांधी विचार विभाग में डॉ. मनोज कुमार की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार ने कहा कि आज गांधी की गवाही देने की आवश्यकता क्यों आई, यह विचारणीय प्रश्न है इसलिए कि देश के अंदर जो विचारधारा फैलाया जा रहा है वह विचार गांधी के विचार के विपरीत है।

पिछले वर्षों से विचारों की हत्या करने का प्रयास किया गया लेकिन गांधी का विचार कभी मरने वाला नहीं है । गांधी का विचार सत्य, अहिंसा, प्रेम, सद्भाव भाईचारा, समानता और स्वतंत्रता का विचार है।जो सनातन विचारधारा जिसमें मानव मानव के



बीच कोई भेद नहीं करता है, समाहित है।

प्रो. विजय कुमार ने कहा कि परिस्थितियां गंभीर हैं लेकिन घबराने की जरूरत नहीं है,हमें आत्ममूल्यांकन की जरूरत है आवश्यकता पड़ने पर हम संघर्ष कर सकते हैं।हम जे . पी. और गांधी के अनुयाई हैं।डॉ. योगेंद्र ने कहा कि गांधी विचार से जुड़ी संस्थाओं और हमारी प्रतिबद्धता की कमी के कारण ही गांधी की विरासत पर हमला हो रहा है। डॉ. उमेश कुमार नीरज ने कहा कि इस तरह विचारों पर हमला आज से नहीं हजारों वर्षों से हो रहा है। आजादी के समय भी आजादी की लड़ाई में उस विचारधारा के लोगों ने जो अभी सत्ता में काबिज हैं में भाग नहीं लिया था। आजादी के बाद वे बैठे नहीं बल्कि अपनी विचारधाराओं को विभिन्न माध्यमों से जनता के बीच फैलाया। हम और हमारे गांधियन संगठन इस दिशा में कमजोर साबित हुए।आज पुनः उठ खड़े होने की जरूरत है ।डॉ. मनोज मीता ने कहा कि गांधी की विरासत पर हमला हो रहा है, मणिपुर में फैली हिंसा 60 दिनों से चल रही है लेकिन प्रधानमंत्री की कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।यह साबित करता है कि सरकार में गांधी के विपरीत विचारधारा बढ़ रही है। मोहम्मद एनुल होदा ने कहा कि गांधी का विचार मरने वाला नहीं है। जितना हमला होगा उससे कई गुना बढ़कर हमारे सामने आएगा।

मुद्रक स्वामी प्रकाशक सुनील कुमार मिश्रा द्वारा शुभ लाभ प्रिंटर्स मावली उदयपुर स्थानीय संपादक मो0 शरफे आलम बिहार, झारखण्ड मो0- 7764978689 - 8804707324
सह संपादक : उमेश कुमार, 96259 58256 दैनिक शुभ भास्कर, RNI UP HIN/ 2015/64737, पी आरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार सभी न्याय क्षेत्र उदयपुर राजस्थान होगा।